हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–66 : जौनपुर, मंगलवार 26 अप्रैल 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## विश्व का सैन्य खर्च 2.1 खरब डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर : भारत तीसरे स्थान पर पहुंचा

लखनऊ ब्यूरो : प्रदेश सरकार के मंत्री हर मंडल में जाकर सरकार की योजनाओं और जनता की समस्याओं का फीड बैक लेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने हर कैबिनेट मंत्री को एक–एक मंडल की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री के साथ राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री को भी तैनात किया है। सभी मंत्री जिलों में जाकर कानून व्यवस्था और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। 15 मई तक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को लखनऊ मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी मंत्री शुक्रवार, शनिवार और रविवार को मंडल का दौरा करेंगे। इसके अलावा नोडल अधिकारी भी जिलों का दौरा करेंगे। केशव प्रसाद मौर्य को आगरा, ब्रजेश पाठक को वारणसी, सूर्य प्रताप शाही को मेरठ,स्वतंत्र देव सिंह मुरादाबाद, बेबीरानी मौर्य को झांसी, धर्मपाल सिंह को गोरखपुर,नंदगोपाल गुप्ता नंदी को बरेली, भूपेंद्र चौधरी को मिर्जापुर, अनिल राजभर को प्रयागराज, जितिन प्रसाद को कानपुर, अरविंद शर्मा को अयोध्या, योगेश उपाध्याय को सहारनपुर, संजय निषाद को आजमगढ़, आशीष पटेल को बस्ती, जयवीर सिंह को चित्रकूट, सुरेश खन्ना को लखनऊ, लक्ष्मी नारायण चौधरी को अलीगढ़ और राकेश सचान को देवीपाटन मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी मंत्री अपने पूरे परिवार की संपत्ति की घोषणा सार्वजनिक करें स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जनप्रतिनिधियों के आचरण की शुचिता अति आवश्यक है। इसी भावना के अनुरूप सभी मंत्री शपथ लेने के अगले तीन माह की अवधि के भीतर अपने और अपने परिवार के सदस्यों की समस्त चल–अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करें। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मंत्रीगणों के लिए निर्धारित आचरण संहिता का पूरी निष्ठा से पालन किया जाए। सभी लोक सेवक (आईएएस/पीसीएस को अपनी व परिवार के सदस्यों की समस्त चल/अचल संपत्ति की सार्वजनिक घोषणा करे। यह विवरण आमजनता के अवलोकनार्थ ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाए। सभी मंत्री यह सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यों में उनके पारिवारिक सदस्यों का कोई हस्तक्षेप नहीं हो। हमें अपने आचरण से आदर्श प्रस्तुत करना होगा। मंत्रिपरिषद के समक्ष सभी विभागों के सांगठनिक व्यवस्था से अवगत होते हुए विगत 05 वर्ष में विभाग की उपलब्धियों के परिचय के साथ आगामी 100 दिन, 06 माह, 01 वर्ष, 02 वर्ष और 05 वर्ष की कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण संपन्न हो चुका है। अब इस कार्ययोजना को यथार्थ रूप देने का समय है। सभी



माननीय मंत्रीगण विभागीय अधिकारियों का मार्गदर्शन करें। परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता को सुनिश्चित कराएं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में हम सभी को अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने के लिए प्राण–प्रण से जुटना होगा। सरकार गठन के एक माह पूर्ण हो चुके हैं। हमारी भावी कार्ययोजना तैयार हो चुकी है।अब ''सरकार जनता के द्वार'' पहुंचेगी। आगामी विधानसभा सत्र से पूर्व मंत्रिपरिषद के प्रदेश भ्रमण का कार्य पूरा कर लेना होगा। इस संबंध में 18 मंत्री समूह गठित किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री गणों की टीम में एक–एक राज्य मंत्री सम्मिलित हैं, शेष तीन सदस्यीय मंत्री समूह गठित किए गए हैं। यह 18 समूह 18 मंडलों का भ्रमण करेगी। भ्रमण का यह कार्यक्रम शुक्रवार से रविवार तक होगा। पहले चरण में प्रदेश भ्रमण करने के बाद मंत्री समूहों का रोटेशन प्रणाली के तहत दूसरे मंडलों की जिम्मेदारी दी जाएगी। तीन दिवसीय मंडलीय भ्रमण के दौरान हर टीम को एक जनपद में कम से कम 24 घंटे रहना होगा। टीम का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ मंत्री कम से कम दो जिलों का भ्रमण करें। शेष मंत्री गणों को सुविधानुसार एक–एक जिले की जिम्मेदारी दी जाए। मंत्री समूह मंडलीय भ्रमण के दौरान एक मंडलीय समीक्षा बैठक करेगा। जनपदों को वर्चुअली जोड़ा जा सकता है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता जरूर हो। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनप्रतिनिधियों/संगठन/विचार परिवार के सदस्यों के साथ भी बैठक करें। उनकी अपेक्षाओं, समस्याओं और सुझावों को सुनें। निदान का प्रयास करें। मंडलीय समीक्षा बैठकों में विभागीय प्रस्तुतिकरण देखें। भ्रमण के दौरान जन चौपाल का कार्यक्रम अवश्य करें। सीधा जनता से संवाद करें। किसी एक विकास खंडध्तहसील के औचक निरीक्षण करें। दलित/मलिन बस्ती में सहभोज का कार्यक्रम रखें। विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें। गुणवत्ता की परख करें। शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भेंट करें। कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए महिला सुरक्षा के मामलों, एससी/एसटी के प्रकरणों में अभियोजन की स्थिति, पुलिस पेट्रोलिंग, बाल यौन अपराधों, व्यापरियों की समस्याओं, गैंगस्टर पर कार्रवाई आदि का पूरा विवरण देखें। मंत्री समूहों के हर सदस्य को रात्रि विश्राम किसी जिले में ही करना होगा। रात्रि विश्राम सरकारी अतिथि गृह में ही करना सुनिश्चित करें। हर टीम अपनी भ्रमण रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करेगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में मंत्री समूह की आकलन रिपोर्ट पर चर्चा होगी। तदनुसार जनहित में और कदम उठाए जाएंगे। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विगत 05 वर्ष में टीम यूपी ने जन अपेक्षाओं के अनुरूप विकास और सुशासन का मॉडल प्रस्तुत किया है। अब हमारी प्रतिस्पर्धा हमसे ही है। हमें जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप आचरण करते हुए प्रदेश के समग्र विकास के लिए कार्य करना होगा। राज्यमंत्रियों को कार्य आवंटन पूर्ण हो गया है। यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागीय बैठकों में राज्यमंत्री को जरूर सम्मिलित हों। दूसरे राज्यों/राष्ट्रों के दौरे पर जाने वाले मंत्री और अधिकारी वापस लौटने के उपरांत अपने अनुभवों/नई जानकारियों के बारे में मंत्रिपरिषद के समक्ष अपनी प्रस्तुति देगा। सभी मंत्री को सोमवार व मंगलवार को अनिवार्य रूप से राजधानी में रहना होगा। शुक्रवार से रविवार तक अपने निर्वाचन क्षेत्र/प्रभार के जिलों में जनता के बीच रहने का कार्यक्रम बनाएं।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई आशीष मिश्र की पेशी : 10 मई को अगली सुनवाई

लखीमपुर खीरी ब्यूरो : लखीमपुर हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्र मोनू व अन्य पर मंगलवार को भी आरोप तय नहीं हो पाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी अभियुक्त पेश हुए। उधर, डिस्चार्ज एप्लिकेशन पर सरकारी वकील आपत्ति पेश नहीं कर पाए। मामले में अगली सुनवाई 10 मई को होगी। तिकुनिया हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्र मोनू के आत्मसमर्पण के बाद जिला अदालत में सुनवाई जोर पकड़ने की उम्मीद बढ़ गई थी। कानूनी दांव–पेंच को लेकर मंगलवार को भी डिस्चार्ज एप्लीकेशन का निस्तारण नहीं हो सका। 14 आरोपियों में केवल आशीष मिश्र मोनू की ओर से डिस्चार्ज एप्लीकेशन देते हुए कहा गया था कि उसके खिलाफ कार्रवाई का कोई आधार नहीं है। अदालती पत्रावली में ऐसे कोई सबूत नहीं हैं, जिनके आधार पर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके। आशीष मिश्र की डिस्चार्ज एप्लीकेशन के खिलाफ आपत्ति दाखिल करने के लिए जिला शासकीय अधिवक्ता ने पिछली पेशी पर समय मांगा था। सूत्र बताते हैं एसआईटी और पुलिस की ओर से कुछ बिंदुओं पर डिस्चार्ज एप्लीकेशन के उठाए गए सवालों पर अभियोजन पक्ष की स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। मांगें पूरी न हुईं तो 12 मई को बड़ा प्रदर्शन तिकुनिया हिंसा मामले में संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, घायलों को मुआवजा देने और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र के खिलाफ धारा 120–बी के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में किसानों ने डीएम और एसपी से मुलाकात की। चढ़ूनी ने बताया कि अगर मांगें पूरी नहीं होती हैं तो 12 मई को लखीमपुर खीरी में बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

## विस्तार की खस्ताहाल सड़कें खोल रही है विस्तार के विकास कार्य की पोल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की पूर्व में हुई द्विपक्षीय वार्ता के अंतर्गत गोमती नगर विस्तार में जाने हेतु मुख्य मार्ग जो की रेलवे क्रॉसिंग से होकर लक्ष्मी मार्केट के अंदर से होकर जाता है।जो की वर्तमान में लगभग पूर्णतः क्षतिग्रस्त है जिसके कारण मार्केट की दुकानों एवं आने जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग सीसी रोड है और जर्जर स्थिति में है यह मार्ग करीब 500 मीटर का है। यह समस्या इस कदर है कि लोगों ने उस रास्ते से जाने से ही दूरी बना ली है और इतनी मुख्य सड़क होने के बाद भी लोग उस पर जाना पसंद नहीं करते हैं। गोमती नगर जनकल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला का कहना है कि यह सड़क इस कदर क्षतिग्रस्त होने के साथ साथ जलभराव भी बना रहता है जो किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण भी बन सकती है। इतना ही नहीं विस्तार जैसी सुनियोजित कॉलोनी की बात की जाए तो यह टाट में पैबंद का कार्य कर रहा है। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति के गोमती नगर विस्तार प्रभारी इंजीनियर अशोक गुप्ता ने बताया कि यह मार्ग बनाना इसलिए भी अत्यंत आवश्यक है कि विस्तार में करीब 50,000 से अधिक आबादी के लोग रहते हैं जोकि मार्ग बदलकर आने जाने को मजबूर होते हैं। जिस वजह से कुछ मार्गों पर अत्यधिक आवागमन होने से कई बार जाम की स्थिति पैदा होती है। खासतौर पर जब कुछ स्कूलों की छुट्टी होती है। गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति की गोमती नगर विस्तार महिला प्रभारी मोनिका कुमारी का कहना है कि इस क्षेत्र में सीएमएस, डीपीएस जैसे स्कूलों के साथ–साथ कई दुकानें व मॉल भी हैं। इतना ही नहीं विस्तार की शोभा माना जाने वाला जनेश्वर मिश्र पार्क भी इस रोड से अछूता नहीं है क्योंकि सुलभ आवास और कई अपार्टमेंट के लोग लक्ष्मी मार्केट से होते हुए जब जनेश्वर



मिश्र पार्क जाना चाहते हैं तो उन्हें मजबूरन मार्ग बदलकर रेलवे क्रॉसिंग के बगल से जाना पड़ता है जिस मार्ग पर बड़े–बड़े गड्ढे होने के साथ–साथ करीब 600 मीटर जर्जर सड़क का सामना भी करना पड़ता है। जो कि जनेश्वर मिश्र पार्क जैसे जगह के लिए अशोभनीय होने के साथ–साथ गोमती नगर विस्तार की क्षवि को धूमिल करता है। यह दोनों मार्ग ही इतने दयनीय स्थिति में है की विस्तार वासियों को इस तरफ जाने में सोचना पड़ता है। इतना ही नहीं क्षेत्रवासियों को तो लखनऊ विकास प्राधिकरण की नीतियों से विश्वास भी उठ चुका है। महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने इस संबंध में इस समस्या के निवारण हेतु पूर्व में लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी को पत्राचार द्वारा सूचित भी किया है। जिसके पश्चात लखनऊ विकास प्राधिकरण के कर्मठ सचिव पवन गंगवार ने तत्काल कार्यवाही करते हुए अधिशासी अभियंता अवनींद्र सिंह को इस समस्या से अवगत कराते हुए तत्काल इस समस्या का निवारण करने को कहा। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मार्ग पर सीवेज का कार्य प्रारंभ हो जाएगा जिसको उन्होंने संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से सिपेज के समाधान हेतु कार्य शुरू भी करवा दिया गया है। इस बैठक में गोमती नगर विस्तार से कल्पतरू अपार्टमेंट के सचिव राम तिवारी और सुमित सिंह भी मौजूद रहे।

## दिल्ली में आयोजित पत्रकार वार्ता : के एन गोविंदाचार्य जी ने की नदी संवाद कार्यक्रम पर चर्चा

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नदी संवाद कार्यक्रम के आयोजन के बाद दिल्ली में यमुना नदी के संदर्भ में एवम् अन्य नदियों के अविरल एवम् निर्मल प्रवाह के लिए हस्ताक्षर संग्रह अभियान की शुरुआत हुई है। अब तक दिल्ली में तीन हजार हस्ताक्षर संग्रह हो पाया हैद्य तीन महीने में तीस हजार का लक्ष्य पूरा होगा। नदी संवाद का आगामी संभावित कार्यक्रमः– मई के अंत में सोनीपत और पानीपत में, जून के अंत में साहिबाबाद और गाजियाबाद में, जुलाई के अंत में फरीदाबाद और पलवल के लोगों के बीच, अगस्त के अंत में मथुरा, वृंदावन और आगरा के लोगों के बीच, नवंबर के अंत में दिल्ली एनसीआर के सभी लोगों को साथ लेकर नदी संवाद का एक बड़ा कार्यक्रम होगा। इस आयोजन के बाद नदी संवाद अभियान अपने अगले चरण में प्रवेश करेगा। यमुना जी की वर्तमान अविरलता एवम् निर्मलता की स्थिति का संकलन भी यमुना जी के किनारे के जिलों के कार्यकर्ता करेंगे। एक महीने में प्राथमिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों के साथ हैं। से सम्बन्धित लोगो से भी संपर्क किया जा रहा है। इसके साथ साथ यमुना मिशन के द्वारा यमुना जी के किनारे दिल्ली में भी वृक्षारोपण हेतु प्रशासन से बात हो रही है और प्रशासन का भी सकारात्मक रुख नजर आया है। इस संदर्भ में पार्षदों, विधायकों से भी संपर्क किया जायेगा। रा. स्वा. आंदोलन का स्थापना दिवस दिल्ली में 15 मई को आयोजित किया जायेगा और हर वर्ष के समान प्रकृति केंद्रिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, नदी संवाद के क्षेत्र में काम कर रहे कुछ विभूतियों का सम्मान भी किया जायेगा। विचारधाराओं से परे जाकर संवादहीनता को तोड़ना और उन मसलों को चर्चा के केंद्र में लाना




लोक संसद के प्रमुख उद्देश्यों में से एक हैं। जो मसले आम लोगों की जिंदगी से जुड़े हैं उन पर संवाद होकर न्यूनतम सहमति बने और जिन मसलों पर सहमति बने उनपर सबको साथ लेकर आगे बढ़ने की लोक संसद की कोशिश होगी। असहमति के बिंदुओं तक का रास्ता सबका अपना रहेगा। जिनके पास जमीन पर काम करने, समस्या विशेष का समाधान देने का अनुभव है, उन लोगों का समुदायों से मिलवाना लोक संसद की क्रिया विधि का हिस्सा रहेगा।जिनके पास समस्या है। नालेज शेयरिंग के साथ उसके एक्जक्यूशन लेवल पर भी ध्यान दिया जाएगा।अभी पहली लोक संसद आठ अप्रैल को दिल्ली मे हुई थी।इसमें धर्म, राज और समाज के भूत, वर्तमान और भविष्य पर विस्तार से चर्चा हुई जल्द ही इसकी प्रोसीडिंग्स को लिपिबद्ध कर जिम्मेदार संस्थानों को सौंपा जाना है।अगली लोक संसद, नारी संसद के रूप होगी। संभावित आयोजन स्थल ऋषिकेश है। इसमें ग्राम, ब्लॉक व जिला पंचायत स्तर पर बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं, कोविड काल में अच्छा काम करने वाली महिलाओं की सहभागिता होगी।एक साल के भीतर सभी राज्यों में लोक संसद की राज्य इकाइयों (स्टेट चौप्टर) का गठन हो जाना है। इसके बाद इसका विस्तार जिला स्तर तक होगा।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## जैन की रोजा कुशाई में सामूहिक इफ्तार : जुटे रोजेदार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रमजान के 24 रोजे मुकम्मल हो गए,कठघरा निवासी समाजसेवी हसन मेंहदी के छोटे पुत्र सैय्यद जैन रिजवी ने भूख प्यास त्याग कर अल्लाह को राजी करने के लिए अपना पहला रोजा रखा। दिन भर जैन अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे। ऐसे में परिवार के लोगो ने रोजा कुशाई में सामूहिक इफ्तार की दावत दी जिसमे सैकड़ो लोगो ने शिरकत कर पहला रोजा रखने पर जैन को बधाई दी । इस मौके पर धर्मगुरु मौलाना सैय्यद सफदर हुसैन जैदी ने मगरिब की नमाज अदा करायी जिसके बाद इफ्तार की दुआ पढ़कर पहला रोजा रखने वाले सैय्यद मोहम्मद जैन रिजवी को खजूर खिलाकर इफ्तार कराई । मौलाना सफदर हुसैन जैदी ने कहाकि माह–ए–रमजान एकता व भाईचारगी की सीख देता है, हमें मिल जुलकर त्योहार मनाना चाहिए और हर धर्म का सम्मान करना चाहिए । इफ्तार से आपसी मोहब्बत और भाईचारा का माहौल बनता है , इस तरह के कार्यक्रम समय–समय पर होते रहने चाहिए । मौलाना ने रोजा कुशाई के दौरान मुल्क में अमन सलामती और भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। इस मौके पर सैय्यद आले हसन , सैय्यद हसन अब्बास , कैफ रिजवी , सैफ रिजवी , फाजिल सिद्दीकी , नजमुल हसन नजमी , मोहम्मद मुस्तफा , माजीद खान , उस्मान , अजीज हैदर हिलाल , मेराज राईन , रूमी आब्दी , सभासद सदफ , मिर्जा रुशेद , आरिफ हुसैनी , सरवर रिजवी , मोहम्मद सोहराब , रिजवान आदि के साथ बड़ी संख्या में रोजेदार मौजूद रहे।

### जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट, जौनपुर नें बक्शा ब्लॉक परिक्षेत्र में गोद लिए गए 36 मरीजों को वितरित किये पौष्टिक आहार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : ..''राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम'' के अंतर्गत जेब्रा फाउंडेशन ट्रस्ट, जौनपुर द्वारा बक्शा ब्लॉक परिक्षेत्र में गोद लिए गए 36 मरीजों को पौष्टिक आहार मूंगफली, सोयाबीन, गुड़, भूना चना, कॉर्नफ्लेक्स, ओट्स, दलिया, सत्तू तथा बोर्नबीटा आदि का वितरण मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला के हाथों बक्शा ब्लाक अंतर्गत नौपेड़वा स्वास्थ्य केंद्र जौनपुर पर किया गया। जेब्रा परिवार के संजय कुमार सेठ, विजयंत सोंथालिया, अमरनाथ सेठ, रवि विश्वकर्मा, अनन्त श्रीवास्तव, नीरज शाह, मो. तौफीक ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्रम एवं जनपद जौनपुर पर लिखी गयी पुस्तक प्रदान कर किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज वत्स (सचिव, रेडक्रास सोसाइटी) डॉ. जी. के. सिंह (अधीक्षक–स्वास्थ्य केंद्र) मनोज अग्रहरि, रामनारायण सेठ, अनिल सेठ, सलिल यादव आदि उपस्थित रहे।

## मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने एक वांछित शातिर चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : . मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने एक वांछित शातिर चोर को किया गिरफ्तार कब्जे से चोरी किया गया एक आईपैड(APPLE), एक एडाप्टर मय केबल, चार पासपोर्ट, एक आधार कार्ड व एक आईपैड बैग कीमत करीब 50000/ रुपये किया बरामद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुध चलाये जा रह अभियान के क्रम में श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी मछलीशहर के कुशल पर्यवेक्षण एवं दिशानिर्देशन में थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर पुलिस के द्वारा ळत्च थाना जबलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 148/2022 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित माल दिनांक 17.04.2022 को ट्रेन से चोरी किये गये एक आईपैड (APPLE) , एक एडाप्टर मय केबल, चार पासपोर्ट एवं एक आधार कार्ड व एक आईपैड बैग कीमत करीब 50000/ रुपये बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना हाजा लाकर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं । बरामदगी का विवरण– 1. एक आईपैड(।च्च्स्म्), एक एडाप्टर मय केबल, चार पासपोर्ट, एक आधार कार्ड व एक आईपैड बैग कीमत करीब 50000/ रुपये । 'नाम पता वांरटी अभियुक्त–1– अमित रंजन मौर्या पुत्र रमेशचन्द्र मौर्या उम्र 25 वर्ष निवासी गौरैयाडीह थाना मुगरा बादशाहपुर जौनपुर । अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः–1– मु0अ0सं0 148/2022 धारा 379 भादवि थाना GRP जबलपुर जिला जबलपुर। 2– मु0अ0सं0 106/2022 धारा 41/411 भादवि थाना मुगराबादशाहपुर जौनपुर । 3– जिलाधिकारी जौनपुर, मनीष कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर, अजय साहनी द्वारा थाना कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के रजिस्टर,महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क,मालखाना,थाना परिसर की साफ सफाई,मेस,आवास व बैरक आदि को चेक किया गया तथा संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**तन का रोग भले ही डॉक्टर जांच ले पर मन का रोग स्वयं ही जांचना पड़ेगा।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# सम्पादकीय

## अपराधियों की बायोकुंडली : पुणे की जर्मन बेकरी में हुए बम धमाकों से मिली सीख

पुराने कानून के अनुसार, सिर्फ सजायाफ्ता लोगों का सैंपल लिया जाता था, लेकिन प्रस्तावित कानून के अनुसार शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार लोगों का भी सैंपल हेड कांस्टेबल द्वारा लिया जा सकता है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और स्टेट ऑफ पुलिसिंग इन इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, राज्यों में पुलिस की हालत बहुत ही खराब है। 22 राज्यों के एक तिहाई थानों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं है।

पुणे की जर्मन बेकरी में हुए बम धमाकों के लिए जिम्मेदार इंडियन मुजाहिद्दीन (आईएम) के दुर्दांत आतंकवादी यासीन भटकल को वर्ष 2013 में जब नेपाल से गिरफ्तार किया गया, तो पूछताछ के बाद दिलचस्प खुलासा हुआ। जांच एजेंसियों को पता चला कि कोलकाता पुलिस ने भटकल को 2009 में गिरफ्तार किया था, लेकिन उसने बुल्ला मलिक नाम से झूठी पहचान बताकर, फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जल्द रिहाई करवा ली थी।

इस मामले से सबक लेते हुए बोधगया बम धमाकों के मामले में एनआईए ने डीएनए सैंपल के आधार पर इंडियन मुजाहिद्दीन के हैदर अली को गिरफ्तार कर लिया। इन दोनों मामलों से अपराधियों की पहचान और आतंकवाद की रोकथाम के मामले में बायोमेट्रिक्स और नई तकनीक के इस्तेमाल की उपयोगिता जाहिर होती है।

अपराधों की जांच के लिए अंग्रेजों के समय बनी दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 53 और 53–अ में गिरफ्तार लोगों की मेडिकल जांच का प्रावधान है। उसके अनुसार वर्ष 1920 में बनाए गए बंदी शिनाख्त अधिनियम के तहत गिरफ्तार लोगों के फिंगरप्रिंट और फुटप्रिंट लेने के लिए पुलिस को अधिकार मिला। इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में अपराध की प्रकृति और अपराधियों के तौर–तरीके पूरी तरह से बदल गए हैं।

इसलिए अपराधियों को पकड़ने, मामले की सटीक जांच करने और दोषियों को सख्त सजा दिलवाने के लिए कानूनों में तकनीकी और आधुनिक विज्ञान के पहलुओं को शामिल करना पूरी दुनिया में जरूरी माना जाने लगा है। हाल ही में लोकसभा ने दंड प्रक्रिया शिनाख्त अधिनियम पारित कर दिया है। इस कानून के बनने के बाद गिरफ्तार लोगों की बायोकुंडली बनने का रास्ता भारत में साफ हो जाएगा।

इसके अनुसार उंगलियों और हथेली की छाप या प्रिंट, पैरों की छाप, फोटो, नमूना हस्ताक्षर के अलावा आंखों की पुतली, रेटिना, शारीरिक और बायोलॉजिकल सैंपल (डीएनए आदि) की जानकारी इकट्ठा करने और उनके विश्लेषण का पुलिस और जांच एजेंसियों को अधिकार मिल जाएगा। विपक्ष ने प्रस्तावित कानून को संविधान के अनुच्छेद 20 (3) और निजता के खिलाफ बताया है।

ऐसे कानूनों की जरूरत को तीन पहलुओं से समझना जरूरी है। पहला, अपराधियों, विशेष तौर पर आतंकवाद से लड़ने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल को सफल बनाने के लिए अंग्रेजों के जमाने के पुराने कानूनों में बदलाव जरूरी है। दूसरा, अपराधियों की निजता के अधिकार से ज्यादा बड़ी समाज और देश की सुरक्षा है।

तीसरा, अगर कानून में खामी नहीं है, फिर भी कोई व्यक्ति या सरकार उसका दुरुपयोग करें, तो सिर्फ आशंका के आधार पर कानून की आलोचना ठीक नहीं है। इन तीन बातों को सत्ता पक्ष और विपक्ष समझें, तो सरकारों की आवाजाही से प्रभावित हुए बगैर संसदीय पटल में स्वस्थ और प्रभावी संसदीय बहस का रास्ता भी साफ हो सकता है।

राजीव गांधी की सरकार ने वर्ष 1986 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की स्थापना की थी। बाद में यूपीए सरकार में तत्कालीन गृहमंत्री पी. चिदंबरम ने अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और प्रणाली (सीसीटीएनएस) प्रोजेक्ट की शुरुआत की, जिसमें राज्यों और पुलिस थानों को कंप्यूटर नेटवर्क से जोड़कर अपराधियों के केंद्रीकृत डाटाबेस बनाने की शुरुआत हुई। 2014 में एनडीए की सरकार आने के बाद इस प्रोजेक्ट के दूसरे चरण से इसका विस्तार हुआ।

उसके तहत आंखों की पुतली, रेटिना और चेहरे की पहचान आदि को भी डाटाबेस में शामिल किया गया। विपक्षी सांसद प्रस्तावित कानून की संसद और मीडिया में आलोचना कर रहे हैं। दूसरी तरफ विपक्षी दलों द्वारा शासित महाराष्ट्र राज्य 6.5 लाख से ज्यादा लोगों के बायोमेट्रिक डाटाबेस को जारी करने वाला पहला राज्य बन रहा है। 53 करोड़ रुपये से ज्यादा के प्रोजेक्ट के तहत सजायाफ्ता लोगों के साथ अंडर ट्रायल कैदियों के फिंगरप्रिंट, हथेलियों के निशान, चेहरे और बायोमेट्रिक डाटा को इकट्ठा करके उसे पुलिस और जांच एजेंसियों के साथ साझा करने की योजना है।

पुराने कानून के अनुसार, सिर्फ सजायाफ्ता लोगों का सैंपल लिया जाता था, लेकिन प्रस्तावित कानून के अनुसार शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार लोगों का भी सैंपल हेड कांस्टेबल द्वारा लिया जा सकता है। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो और स्टेट ऑफ पुलिसिंग इन इंडिया की रिपोर्टों के अनुसार, राज्यों में पुलिस की हालत बहुत ही खराब है। 22 राज्यों के एक तिहाई थानों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं है। 46 फीसदी पुलिस अधिकारियों को जरूरत पड़ने पर वाहन नहीं मिलते।

28 फीसदी पुलिस वालों को व्यक्तिगत स्तर पर स्टेशनरी का जुगाड़ करना पड़ता है। इस कानून से आतंकवाद के बड़े मामले, जिनमें सीबीआई और एनआईए जैसी जांच एजेंसियां जांच करती हैं, उनमें ही ज्यादा मदद मिलेगी। भारत में पुलिस और फॉरेंसिक लैब की खस्ता हालत को देखते हुए आम अपराधों में इस कानून के इस्तेमाल की गुंजाइश बहुत ही कम है। देश में सात केंद्रीय फॉरेंसिक लैब और राज्यों की 31 में 40 से 50 फीसदी पद रिक्त हैं।

उत्तर प्रदेश के आगरा की लैब में रिपोर्ट नहीं आने की वजह से 5,000 से ज्यादा आपराधिक मामले अटके हुए थे। इस कानून के बन जाने पर सैंपल, टेस्ट रिपोर्ट और डाटा के दुरुपयोग से किसी व्यक्ति को गलत अपराध में फंसाया गया, तो फिर उसकी पूरी उम्र कोर्ट–कचहरी के चक्कर में ही कट जाएगी। अमेरिका में एफबीआई के पास चार करोड़ से ज्यादा लोगों के फिंगरप्रिंट का डाटा है, लेकिन वहां पर डाटा की सुरक्षा और निजता के अधिकार को सुनिश्चित करने और डाटा के दुरुपयोग को रोकने के बारे में सख्त कानून हैं। यूरोप में भूलने के अधिकार पर चर्चा हो रही है। भारत में डाटा सुरक्षा का कानून ही नहीं बना, तो फिर अनेक निरपराध लोगों के संवेदनशील डाटा को 75 साल तक रिकॉर्ड में रखने का तुक नहीं बनता। इसलिए इन बिंदुओं पर बदलाव हो, तो बेवजह के विवाद और न्यायिक हस्तक्षेप से बचा जा सकता है। संविधान के अनुसार, पुलिस, कानून और व्यवस्था राज्यों का विषय है, इसलिए राज्य सरकारों के साथ परामर्श के बाद इस कानून को संसदीय अनुमोदन मिलना सांविधानिक दृष्टि से बेहतर होगा।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## किशोरी की शादी तय करने पर पुलिस ने रोकाः ग्रामीणों की सूझबूझ से बाल विवाह होने से रुका

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पिहानी कोतवाली क्षेत्र कल्याणी ग्राम पंचायत में बाल विवाह तय होने पर पुलिस ने रोक दिया। बाल विवाह तय होने की शिकायत लिखित शिकायत ग्रामीणों ने कोतवाली पिहानी में की थी।गांव वालों की सूचना पर कोतवाल डीके सिंह ने तत्काल मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोरी की शादी तय न करने की हिदायत पिता को दी। ग्रामीणों की सूझबूझ से बाल विवाह होने से रुक गया। किशोरी के पिता ने कहा गांव के कुछ लोग रंजिशनध फसा रहे हैं। सुनील निवासी कल्याणी अपनी 14 वर्षीय पुत्री राधा की शादी करने के लिए शाहजहांपुर, हरदोई अन्य जिलों में लड़के देख रहा था। शादी तय करने की सूचना गांव के लालाराम व अन्य लोगों को पता चली ।लालाराम ने बाल विवाह की सूचना पिहानी कोतवाली डीके सिंह को दी। बाल विवाह को गंभीरता से कोतवाल डीके सिंह ने लिया। पुलिस बल भेजकर पिता सुनील और पुत्री राधा को कोतवाली में बुलवाया। कोतवाल डीके सिंह ने पिता सुनील की जमकर फटकार लगाई। कोतवाल ने कहा कि राधा के बालिक हो जाने के बाद ही शादी तय करें ।अन्यथा कड़ी कार्रवाई का संकेत दिया। इस मौके पर उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि बाल विवाह, बचपन खत्म्म कर देता है। बाल विवाह बच्च्चों की शिक्षा, स्वास्थ्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़कियों पर,




बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता हैं।कोतवाली में मौजूद लोगों ने कोतवाल डीके सिंह की कार्यशैली की भूरी भूरी सराहना की। कोतवाल डीके सिंह ने पिता से भरवाया शपथ पत्र पुलिस ने पिताध सुनील से शपथ पत्र भरवाया गया कि बालिग होने से पहले बेटी की शादी नहीं करेंगे। कोतवाल डीके सिंह ने कड़ी हिदायत देते हुए कहा कि किशोरी राधा की शिक्षा पर ध्यान दें ।बाल विवाह कानूनन अपराध है। राधा के बालिक होने तक शादी करने का इंतजार करें। कोतवाली क्षेत्र के गणमान्य व संभ्रांत लोगों से अपील करते हुए डीके सिंह ने कहा कि बाल अपराध व बाल विवाह यदि कहीं हो रहा है तो तत्काल सूचना कोतवाली पिहानी को दें।

## केराकत पुलिस ने 01 शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : . केराकत पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 134/22 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात का सफल अनावरण करते हुये घटना कारित करने वाले 01 शातिर वाहन चोर को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की गयी स्पलेण्डर प्लस बरामद।' श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी केराकत के पर्यवेक्षण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा प्र0नि0 संजय वर्मा के नेतृत्व मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 134/22 धारा 379 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात का सफल अनावरण करते हुये घटना कारित करने वाले अभियुक्त मोहित कश्यप उर्फ निशान गौड़ पुत्र रमेश कश्यप उर्फ धर्मेन्द्र गौड़ निवासी सूचितपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर को चोरी गयी मो0सा0 स्पलेण्डर प्लस रजि0नं0 UP62AQ 4306 के साथ खड़हर डगरा रेलवे क्रासिंग के पास समय करीब 07.05 एएम पर गिरफ्तार किया गया । मुकदमा उपरोक्त मे गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 411 भा0द0वि0 की बढ़ोतरी करते हुये अभियुक्त उपरोक्त का चालान धारा 379/411 भा0द0वि0 मे माननीय न्यायालय जौनपुर किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1– मोहित कश्यप उर्फ निशान गौड़ पुत्र रमेश कश्यप उर्फ धर्मेन्द्र गौड़ निवासी सूचितपुर थाना केराकत जनपद जौनपुर। बरामदगी का विवरण– 1– सुपर स्पलेण्डर रजि0नं0 न्62 ।फ 4306 आपराधिक इतिहास– 1 – मु0अ0सं0 134/22 धारा 379/411 भा0द0वि0 थाना केराकत जौनपुर । 2. मु0अ0सं0 172/21 धारा 8/20 NDPS Act थाना लाईनबाजार जौनपुर।

## विद्यार्थी होते है गुरु का गौरवः प्रो. निर्मला एस. मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : . वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में मंगलवार को विश्वविद्यालय से सटे देवकली गाँव में बच्चों को प्रेरणा निःशुल्क कोचिंग में शिक्षा देने वाले 16 विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विद्यार्थी गुरु का गौरव होते है। पढ़ाई के साथ ही साथ गाँव के बच्चों के लिए इन विद्यार्थियों ने जो समय निकाला है वह प्रकाश की तरह है। उन्होंने कहा कि प्रेरणा कोचिंग के सफल संचालन के लिए हर तरह का सहयोग दिया जायेगा। गौरतलब है कि 4 फरवरी 2014 से विश्वविद्यालय से सटे देवकली गाँव में बच्चों के लिए निःशुल्क प्रेरणा कोचिंग निरंतर चल रही है. इस कोचिंग के माध्यम से अब तक 1435 विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके है. वर्तमान समय में 1 से 12 तक की कक्षाओं के 135 विद्यार्थी शिक्षा ले रहे है. विश्वविद्यालय परिसर के विद्यार्थियों का एक समूह इन बच्चों को पढ़ाता है। कार्यक्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि प्रेरणा कोचिंग में अपनी सेवा देने वाले विद्यार्थी आइकोन है. प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि विद्यार्थियों ने परंपरा का निर्वहन किया है, आगे भी यह जारी रहेगा. परीक्षा नियंत्रक बी. एन. सिंह ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को लोक भावना के अनुरूप कार्य करना चाहिए। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह ने कहा कि प्रेरणा कोचिंग से विश्वविद्यालय के उन विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास हुआ है जो इससे जुड़े हुए है। राष्ट्रीय



सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राकेश कुमार यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों से जुड़कर गाँव के बच्चे बड़ा सपना देख रहे है। इसी क्रम में अभियांत्रिकी के प्रो. ए. के. श्रीवास्तव ने प्रेरणा कोचिंग की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला. प्राचार्य डॉ. रमेश मणि त्रिपाठी ने अपने महाविद्यालय में गरीब बच्चों के लिए किये जा रहे प्रयासों की चर्चा की। प्रेरणा कोचिंग के संयोजक डॉ. राजकुमार ने विद्यार्थियों द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला एवं प्रगति से अवगत कराया। संचालन संतोष कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन वित्त अधिकारी संजय राय ने किया. इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. देवराज, डॉ. रजनीश भास्कर, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. नूपुर तिवारी, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, सहायक कुलसचिव अमृत लाल, बबीता सिंह, अन्नू त्यागी, डॉ. श्रवण, डॉ. कृष्ण कुमार यादव, डॉ. मंगल यादव, लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, विनय वर्मा, करुणा निराला,इन्द्रेश गंगवार समेत अन्य उपस्थित रहे। सम्मानित होने वाले विद्यार्थी आकाश वैभव, अमरजीत कुमार धीवर, विपिन कुमार, आयुष यादव, नदीम अहमद, रामानंद दुबे, अविनाश श्रीवास्तव, अक्षय कुमार मिश्रा, रवि विश्वकर्मा, आदर्श यादव, विकास कुमार, आकाश राजभर, विकास चौरसिया, अभिषेक तिवारी, अफजल अली, संदीप यादव।

## जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कोतवाली जनपद जौनपुर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी के द्वारा थाना कोतवाली जनपद जौनपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला एवं साइबर हेल्प डेस्क, बैरक आवास आदि एवं थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या से सम्बन्धित रजिस्टर, एस सी एस टी एक्ट रजिस्टर की जांच की और निर्देशित किया कि अभिलेखों एवं पत्रावलियों के उचित रख–रखाव सुनिश्चित किया जाए। मालखाने का निरीक्षण के दौरान पाया कि मालखाना का रख–रखाव सही है। भवन निरीक्षण के दौरान थाना भवन परिसर की साफ–सफाई संतोषजनक पायी गयी, बैरको के निरीक्षण में यह पाया गया कि पुरानी बैरको की मरम्मत की आवश्यकता है जिसे मरम्मत कराने के निर्देश दिये गये। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया गया त्यौहार रजिस्टर अद्यावधिक पाया गया। अपराध रजिस्टर का अवलोकन करते हुए अब तक के पंजीकृत अभियोग की जानकारी प्राप्त की और प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि लम्बित प्रकरणो की विवेचना की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर चार्जशीट न्यायालय को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करे। थाना क्षेत्र में वाछिंत अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के रजिस्टर के अवलोकन किया जिसमें अवशेष जॉच के सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रो के निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाय। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा शस्त्र रजिस्टर, महिला उत्पीडन, अनुसूचित जाति/जनजाति रजिस्टर, तामिला रजिस्टर आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहर डा0 संजय कुमार, थानाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ओसीडी यूपी के अधिवेशन में निशाने पर रहा रिलायन्स समूह

वाराणसी ब्यूरो : ओसीडी यूपी के तीसरे अधिवेशन में रिलायन्स समूह दवा व्यापारियों के निशाने पर रहा। कई प्रतिनिधियों ने इस समूह के बहिष्कार की मांग की। अधिवेशन में आन लाइन के माध्यम से नशीली दवाओं की आपूर्ति का मामला भी उठा। इसके जवाब में एआईओसीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे एस शिंदे ने कहा है कि आन लाइन दवा आपूर्ति के माध्यम से दवा के नाम पर नशीली दवाओं की आपूर्ति केवल दवा कारोबार के लिए नहीं, देश के लिए भी खतरनाक है। सरकारों को इसे शीघ्र संज्ञान में लेकर रोकना चाहिए। एक स्थानीय होटल के सभागार में आयोजित ओसीडी यूपी कार्यकारणी के तृतीय अधिवेशन में प्रतिनिधियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री शिन्दे ने कहा कि उत्तर प्रदेश के तार, खास तौर से वाराणसी के तार सीधे प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जुड़े हैं। इस बात की जानकारी आप लोग प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय और मुख्यमंत्री के पास पहुंचाएं। केवल योगी जी ही इसे संज्ञान में ले लें और आन लाइन दवा आपूर्ति को यूपी में रोक दें तो उनकी देखादेखी दूसरे प्रदेशों को भी इसे रोकना होगा। प्रश्नोउत्तर में श्री शिन्दे ने किसी समूह का नाम तो नहीं लिया लेकिन कहा कि कोई भी समूह हो, दवा व्यापार पर उसके हमले को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अन्याय बर्दाश्त करिएगा तो अन्याय बढ़ेगा। इसलिए हर हाल में अन्याय का विरोध करिए। इस विरोध में संगठन हर कदम पर आपका साथ देगा। एक प्रश्न के उत्तर में श्री शिन्दे ने कहा कि आन लाइन दवा कारोबार अवैधानिक है। हम इसका हर स्तर विरोध कर रहे हैं लेकिन आप भी करिए और संकल्प लीजिए कि अपनी रोजी रोटी की रक्षा के लिए आन लाइन दवा कारोबार का हर स्तर पर विरोध करेंगे। इसके लिए थोड़ा घाटा भी सहना हो तो सहेगें। अधिवेशन को सम्बोधित करते हुए एआई ओसीडी के जनरल सेक्रेटरी राजीव सिंघल ने कहा है कि एआई ओसीडी ने कोविड काल से पहले ही संसदीय समिति के माध्यम से भारत सरकार को आन लाइन दवा बिक्री के खतरे से अवगत कराया था। संगठन आगे भी इस दिशा में अपनी जिम्मेवारी निभाएगा लेकिन इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए आपको भी अपने को अपडेट करना होगा। उन्होंने कहा है कि दवा का रिटेलर व्यापारी केवल दवा व्यापार का नहीं, सम्पूर्ण देश की रीढ़ है। उसे किसी कीमत पर कमजोर नहीं होने दिया जाएगा। श्री सिंघल ने कहा है कि संगठन किसी भी कीमत पर होलसेल व्यापारी का नुकसान नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि दवा व्यापार में होलसेलर हो या रिटेलर, हम सभी एक परिवार के हैं। हम सब एक




परिवार की तरह ही आन लाइन दवा कारोबार का मुकाबला करेंगे और अपना कारोबार किसी कीमत पर आनलाइन समूहों के हाथ में नहीं जाने देंगे।गुजरात प्रदेश अध्यक्ष जसवंत पटेल ने कहा है कि समय के साथ बदलाव जरूरी है। इसे स्वीकार करते हुए हमको आपको भी अपना रोजगार बचाने के लिए अपने में बदलाव लाना जरूरी है। उन्होंने कहा है कि आपने अपने में समय के साथ यह बदलाव कर लिया तो रिलायन्स नहीं, कोई भी समूह आपका मुकाबला नहीं कर पाएगा। ओसीडी यूपी के अध्यक्ष दिवाकर सिंह ने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि दवा विक्रेता अपनी और कारोबार की रक्षा के लिए रिलायन्स समूह सहित सभी बड़ी कम्पनियों का बहिष्कार करने के लिए तैयार रहें। ओसीडी यूपी के महासचिव सुधीर अग्रवाल ने इस अवसर पर जोन और मण्डल के पदाधिकारियों की घोषणा की तथा सभी प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत किया। उन्होंने बहुत अच्छे तरीके से अधिवेशन को सम्पन्न कराने के लिए वाराणसी इकाई की भूरी भूरी सराहना की। ओसीडी यूपी कार्यकारणी के तीसरे अधिवेशन की शुरुआत मंत्रोचार से हुई। फिर संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष जे एस शिन्दे, महामंत्री राजीव सिंघल, संगठन मंत्री सन्दीप नागिया, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष दिवाकर सिंह, महामंत्री सुधीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, पीआरओ योगेंद्र दुबे, संगठन मंत्री शैलेन्द्र सिंह टिल्लू, संगठन के वरिष्ठ साथी विभाशंकर ने मंच ग्रहण किया। वाराणसी ओसीडी की तरफ से सर्वश्री दिनेश कुमार, संजय सिंह, विनोद यादव, अतुल जैन, सौरेष गुप्ता, अशोक सिंह, प्रशांत जायसवाल, अनिल शाह, धर्मेंद्र गुप्ता, सुनील गुप्ता, धर्मेन्द्र अग्रवाल, विनय गुप्ता और शैलेन्द्र सिंह आदि ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यकारणी के तीसरे अधिवेशन का सरस संचालन पूजा सिंह ने किया। अधिवेशन में आए प्रतिनिधियों ने दवा कारोबार में व्याप्त संकट को लेकर अनेक प्रश्न किया जिसके जवाब में अध्यक्ष और महामंत्री ने तर्कसंग उत्तर दिया और भरोसा दिया कि किसी के प्रभाव में किसी का भी नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। हमारे लिए दवा व्यापारियों का हित सर्वोपरि है। इस अवसर पर पर सर्वश्री विद्यासागर राय, मनीष कपूर, प्रेम मिश्रा, सोमनाथ विश्वकर्मा, गौरव जुनेजा, अनूप जिजौरिया और केशव सर्राफ आदि को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्रम प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाराणसी संगठन ने सभी अतिथियों को रुद्राक्ष की माला भेंट की गई। मऊ के साथियों ने अतिथियों को मऊ की साड़ी और आजमगढ़ के निजामाबाद का विशेष वर्तन भेंट किया।

## व्यास स्वयं परमात्मा स्वरूप होते हैं–आचार्य प्रवर पंडित अरविन्द जी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव के प्रथम दिवस–ठाकुरगंज बाबा गोमतीदास स्थल, भगवान श्री परशुराम जी मन्दिर परिसर में आयोजित परमपावनी कलिकलुष नसावनी 'श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ करते हुए वृन्दावन धाम से पधारे हुए आचार्य प्रवर पंडित अरविन्द जी महाराज ने सर्वप्रथम 'व्यास' शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि सनातन धर्म के लुप्त होने पर जो वेद, पुराणों का प्रणयन करे वही व्यास कहलाने का अधिकारी होता है। कलियुग के प्रभाव से विश्व से ज्ञान वैराग्य और भक्ति लुप्तप्राय हो जाता है। श्रीमद् भागवत महापुराण के द्वारा इन तीनों धर्म के सूक्ष्म तत्वों को पुनर्रस्थापित किया गया। आचार्य जी ने कथा का विस्तार करते हुए कहा कि वस्तुत, ज्ञान, वैराग्य और भक्ति, बिना श्री मदभागवत महापुराण की पुष्टि नहीं हो सकती। व्यासपीठ से बोलते हुए आचार्य प्रवर ने कहा कि पुराणों का प्रणयन किसी व्यक्ति द्वारा नहीं अपितु स्वयं परमात्मा द्वारा ही किया जाता है। 'व्यास जी के हृदयस्तल में विराजमान होकर स्वयं परमात्मा ही कथा को प्रस्तुत करते हैं। अतः व्यास स्वयं परमात्मा स्वरूप होते हैं। इसलिए श्री गीता जी में कहा गया है कि 'त्वमादिदेव, पुरूष पुराण'। अरविन्द जी महाराज ने इसको और विस्तारित करते हुए बताया कि कतिपय वक्ता ऐसा बोलते हैं कि श्रीमद्भागवत् – वेदव्यास जी की अन्तिम कृति है। पर ऐसा नहीं है। क्योंकि अगर ऐसा होता तो श्रीमद पुराण और स्कन्द पुराण में श्रीमद् भागवत की महिमा क्यों गाई जाती। पुराणों की रचना नहीं होती ? बल्कि उनका प्रणयन किया जाता है। कल्प का अन्त होने पर समस्त पुराण लुप्त हो जाते हैं तथा प्रत्येक कल्प के द्वापर में वेदव्यास द्वारा इन सद्ग्रन्थों का पुनः प्रणयन किया जाता है। इसलिए पुराण और द्वापर का भी अटूट सम्बन्ध है।आचार्य श्री ने कहा कि एक कल्प के द्वापर में भगवान श्री परशुराम जी ने स्वयं 'व्यास' पद को सुशोभित किया है ऐसा उल्लेख है। हर कल्प के द्वापर में अलग–अलग व्यास होते हैं। 27 व्यास इसके पूर्व हो चुके हैं। भगवान श्री वेदव्यास इस कल्प के 28वें ''व्यास है। आचार्य जी ने बताया कि भागवत' क्या है? जिसमें भक्त और भगवान दोनों का ही



चरित्र गाया गया हो, वही भागवत है। यह आश्रय का ग्रन्थ है। भक्त के दश लक्षणों में 'आश्रय' तत्व के दो ही ग्रन्थ हैं प्रथम श्रीमद् भागवत् एवं द्वितीय श्री राम चरित मानस' ।आचार्य ने भक्ति के सूक्ष्म तत्वों का विवेचन करते हुए गोकरण व्याख्यान पर प्रकाश डाला, जहाँ गोकरण– ज्ञान का प्रतीक है। आचार्य श्री ने कहा कि प्रत्येक प्राणी को श्री भगवान का आश्रय ग्रहण करना ही श्रेयस्कर है। उनकी अनुकम्पा से ही प्राणी में मोह माया जनित विकारों का उच्छेद हो –सकता है। आज के कार्यक्रम का शुभारम्भ आदिदेव श्री गणेश जी की वन्दना से हुआ। जिसमें सुप्रसिद्ध कवियित्री सुश्री सरला शर्मा अस्मा के कुशल निर्देशन में उनकी शिष्याओं ने एक भाव नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में भारतीय ब्राह्मण आचार्य द्रोण विचार संस्थान, ब्रह्म सागर महासंघ एवं परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे। एडवोकेट अनुराग पाण्डेय अध्यक्ष / संयोजक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानपक्ष ने बताया कि भगवान श्री परशुराम मन्दिर ठाकुरगंज में द्वितीय दिवस में महाभारत उपाख्यान, परीक्षित जन्म, शाप, सुखदेव आगमन, आदि प्रसंगों का व्याख्यान किया जाएगा।

# टीचर की मार से कक्षा ६ का बच्चा हुआ बेहोश : स्कूल मैनेजमेंट का फूला हाथ पैर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बच्चे के बेहोश होने की सूचना पर परिजन लगातार स्कूल को लगा रहे थे फोन, लापरवाह स्कूल वालों ने नहीं उठाया परिजनों का फोन, स्कूल की बड़ी लापरवाही दी दिखाई, जौनपुर – थाना सरायख्वाजा अंतर्गत क्षेत्र सिद्दीकपुर स्थित सेंट जान्स स्कूल में एक टीचर नूरुश सभा द्वारा कक्षा 6। के छात्र श्रेयांश सिंह पुत्र अनुज सिंह निवासी बसंतकुंज कालोनी पालटेक्निक चौराहा थाना कोतवाली को केवल इस बात पर बुरी तरह सिर पर मारा गया की वह अपना होमवर्क में कुछ गलती था, इसी बात पर टीचर द्वारा श्रेयांश को बुरी तरह मारा,जिसके कारण वह घंटो बेहोशी के हालत में पड़ा था, उक्त घटना के बाद स्कूल मैनेजमेंट का हाथ पैर फूलने लगा, आनन फानन में स्कूल वालो ने बेहोश श्रेयांश को डाक्टर के पास लेकर भागे, बड़ी हैरानी की बात यह हुई की जब बच्चे को होश आया तो स्कूल के सभी अध्यापक एवं अध्यापिका वहां मैजूद थी और वह टीचर भी वहां उपस्थित थी जिन्होंने श्रेयांश को मारा था जिसकें कारण वह बेहोशी के हालत में पहुँच गया था होश में आने के बाद वही टीचर श्रेयांश को बरगलाते हुए उससे यह निवेदन कर रही थी की किसी को यह मत कहना की मेरे द्वारा मारने पीटने से तुम बेहोश हुए हो बल्कि चक्कर आने के कारण बेहोश हो गए हो, यदि तुमने बता दिया कि मेरे द्वारा मारने के कारण तुम बेहोश हो गए तो मेरा कैरियर खराब हो जाएगा जिसके बाद मेरी नौकरी भी चली जाएगी मेरे छोटे छोटे बच्चे हैं, बेटा मुझे बचा लो, ऐसा कृत्य करने वाली टीचर का उस बच्चे के सामने गिड़गिड़ाना यह साबित करता है कि टीचर द्वारा बच्चे की पिटाई के बाद बच्चा बहुत देर तक बेहोशी की हालत में पड़ा रहा, जिसको स्कूल वाले स्वीकार नहीं रहे हैं, श्रेयांश के बेहोशी की सूचना के लिए उसी स्कूल में पढ़ रही उसकी बड़ी बहन श्रेया के बार बार कहने के बाद स्कूल वालो ने उसके परिजनों को सूचित किया, जिन्होंने परिजनों को यह बताना उचित नहीं समझा था कि उनका बच्चा बेहोश हो गया, जिसके लगभग एक घंटे के बाद श्रेयांश के पिता अनुज सिंह एवं दादी गायत्री देवी, चाचा जयसिंह आनन फानन में स्कूल पहुँचे और देखा की रेस्टरुम में स्कूल के लोगों द्वारा उसे पानी पिलाया जा रहा था, और परिजनों ने यह भी देखा की श्रेयांश जो शर्ट पहन कर स्कूल गया था



वह शर्ट उसने नहीं पहन रखा था बल्कि स्कूल वालो ने उसे नयी शर्ट पहना दिया था, जब स्कूल पहुचे परिजनों को श्रेयांश के साथ उसकी टीचर द्वारा सिर पर मारने की बात पता चली जिसके कारण वह बेहोशी के हालत में पहुँच गया था, तो परिजनों ने स्कूल के प्रिंसिपल से उक्त महिला टीचर से मिलने के लिए कई बार निवेदन किया गया लेकिन स्कूल मैनेजमेंट ऐसी कोई घटना को मानने को मंजूर नहीं, वहीं श्रेयांश के परिजनों द्वारा उसे घर लाया गया तो वह घर आने के बाद बताने लगा की मुझे टीचर द्वारा बुरी तरह मारा था जिसके बाद मैं बेहोश हो गया था, जब होश आया तो टीचर मुझसे बोली कि तुम अपने परिजनों से यह मत बताना की मेरे मारने पीटने के कारण तुम बेहोश हुए हो, बच्चे के पिता अनुज सिंह ने बताया की हम लोग अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बेहतर स्कूल शिक्षा के लिए भेजते है और वहां पर टीचर द्वारा यदि बच्चों के साथ ऐसा कृत्य किया जाएगा तो कैसे कोई इन जैसे स्कूलों में अपने बच्चो को भेजेगा वही बच्चे के पिता ने बताया की उन्हें भी इस घटना की जानकारी नही थी की उनके बच्चे को टीचर द्वारा मारा गया था जिसके कारण वह बेहोश हो गया था, सवाल यह उठता है की इस उमस भरी गर्मी एवं चिलचिलाती धूप में भारी भरकम स्कूल बैग लादकर मासूम बच्चे स्कूल पहुचते हैं उसके बाद ऐसे बुरा तरह से टीचर द्वारा मारा जाएगा तो कोई भी बच्चे के साथ कोई दुर्घटना घटित हो सकती हैं जैसे आज श्रेयांश के साथ हुआ है, जिला प्रशासन को ऐसे लापरवाह स्कूल टीचर एवं स्कूल प्रबंधक के खिलाफ सख्त कार्यवाही करना अति आवश्यक हैं, जिससे अन्य कोई मासूम ऐसे बेरहम टीचर की कोप का शिकार होने से बच सके।

# भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नीरज श्रीवास्तव अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सचिव बबीता जायसवाल महिला संयोजिका शरद साहू कोषाध्यक्ष पद की ली शपथ भारत विकास परिषद का 9वा दायित्व ग्रहण समारोह कटघरा स्थित सत्या उपवन लान में सम्पन्न हुआ मुख्य अतिथि के रूप में आये माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव जी एव विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती माया टंडन जी एव पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन जी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया गया तत्पश्चात पिछले सत्र में अध्यक्ष अवधेश गिरी द्वारा करए गए विभिन्न कार्यो के लिए सभी प्रकल्प प्रमुखों को सम्मानित किया गया इसके बाद अध्यक्ष अवधेश गिरी सचिव सतेंद्र अग्रहरी कोषाध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं महिला संयोजिका ममता साहू द्वारा अपने सत्र में हुए कार्यो की रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। इसके बाद नए सत्र के लिए काशी प्रान्त से आये प्रान्तीय उपाध्यक्ष प्रवीण पटेल जी एव वित्त सचिव अनिल सिंह ने अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव सचिव दिलीप जायसवाल महिला संयोजिका बबीता जायसवाल एव कोषाध्यक्ष शरद साहू को पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई |तत्पश्चात अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव द्वारा अपनी कार्यकारिणी के सदस्यों को पद एव कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई |प्रान्तीय पदाधिकारीयो द्वारा नए सदस्य के रूप में सत्यप्रकाश जायसवाल कृष्ण कुमार जायसवाल विकास गुप्ता शैलेन्द्र निषाद पंकज सिंह प्रभात भाटिया दिलीप सिंह पंकज सिन्हा प्रदीप श्रीवास्तव आशीष श्रीवास्तव राजीव श्रीवास्तव अजय कुमार गुप्ता विवेक सिंह रणजीत सिंह को पद एव कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई | मुख्य अतिथि गिरीश यादव जी ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति एव मूल्यों पर आधारित यह संस्था समाज मे वंचितों असहायो एव वनवासीयो के लिये अच्छा कार्य कर रही हैं विशिष्ट अतिथि माया टंडन जी ने बधाई देते हुए कहा



कि संस्था द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सराहनीय है आगे जहाँ भी हमारी जरूरत होगी हम मौजूद रहेंगे । पूर्व अध्यक्ष दिनेश टंडन जी नई कार्यकारिणी को बधाई दी |काशी प्रान्त से आये विशिष्ट अतिथि प्रवीण पटेल जी ने कहा कि परिषद का सत्र नवसंवत्सर से सुरु होता है और परिषद के पाँच मूल सूत्रों पर कार्य होता है जोकि संपर्क सहयोग सेवा संस्कार समर्पण है प्रान्तीय वित्त सचिव ने नई कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि जौनपुर शाखा का कार्य हमेशा सराहनीय रहा है |अंत मे अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव द्वारा स्वीकारोक्ति भाषण मे कहा कि इस सत्र में अपने कार्यो द्वारा परिषद को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास करूंगा |एव आये हुये सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया |कार्यक्रम में सभी संस्थाओं से आए हुए अतिथि का स्वागत किया एवं संस्थापक अध्यक्ष लोकेश साहू जी विक्रम गुप्ता जी भृगुनाथ पाठक जी अतुल जायसवाल जी सर्वेश जायसवाल राकेश श्रीवास्तव आशीष गुप्ता शशांक सिंह रानू राधेरमण जायसवाल प्रदीप श्रीवास्तव नारायण दास जी धर्मवीर जी सोमेश्वर केशरवानी संदीप पांडे संजय गुप्ता संजय सेठ जेब्रा विशाल गुप्ता प्रदीप जायसवाल शिव गुप्ता डॉ गौरव मौर्य अतुल सिंह राहुल पांडेय रमेश श्रीवास्तव संतोष अग्रहरि एव विभिन्न संस्थाओं से आये तमाम लोग उपस्थित थे |कार्यक्रम का संचालन उदय कुमार सिंह अतुल जायसवाल ने किया आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ आशुतोष सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बाल विवाह रोकने हेतु होगी आवश्यक कार्यवाही

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया है कि अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाह रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाई करनी है। ज्ञात हो कि अक्षय तृतीया 3 मई 2022 को होनी है। सामाजिक परंपराओं के अनुसार अक्षय तृतीया का दिन शुभ होता है अतः इस दिन अधिकतर विवाह सम्पन्न होते है जिसमें बाल विवाह भी सम्मिलित होते है। बाल विवाह समाज की एक कुरिति है जिसके कारण विभिन्न प्रकार की सामाजिक समस्या का सामना करना पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन की मंशा है कि अक्षय तृतीया के पूर्व आमजनमानस को जागरुक किया जाये जिससे बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को दूर किया जाये। तत्क्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे बाल विवाह पर अपने स्तर से जागरुकता कार्यक्रम कराते हुए संभावित बाल विवाह वाले परिवारों को चिन्हित करायें एवं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से परिवार के परामर्श उपलब्ध कराएं। आवश्यकता होने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी को सूचित किया जाए और विशेषज्ञ काउंसलिंग परिवार को प्रदान की जाएगी। तत्पश्चात भी कोई विवाह होता पाया जाता है तो जिला प्रोबेशन अधिकारी को सूचित किया जाए। जिला प्रोबेशन कार्यालय की टीम 24 घंटे बाल विवाह रोकने हेतु तैयार है। अगर शिकायत प्राप्त होता है तो यह टीम मौके पर जाकर शिकायत की जांच करेगी एवं दस्तावेजों का अवलोकन करेगी, तत्पश्चात बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2013 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

# खोराबार में एक परिवार के तीन सदस्यों की निर्मम हत्या

गोरखपुर मंडल प्रभारी आशुतोष चौधरी : खोराबार के रायगंज निवासी गामा निषाद पत्नी संजू देवी और उनकी बेटी प्रीति की गला काटकर लगभग रात 9:00 बजे हत्या कर दी गई। गामा निषाद के भाई रामा निषाद के घर पर शादी थी। शादी में शरीक होने परिवार के साथ गामा निषाद जा रहे थे ।घात लगा कर बैठे अपराधियों ने तीनों पर हमला बोल दिया। मृतक गामा निषाद उम्र 42, उनकी पत्नी संजू देवी उम्र 38 वर्षीय व 20 वर्षीय बेटी प्रीति की गला काटकर रात्रि लगभग 9 बजे के आसपास हत्या कर दी गई। गामा के भाई रामा निषाद निवासी रायगंज के घर पर बेटी की शादी थी। आज मटकोडवा था। गामा अपनी पत्नी व बेटी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने पैदल ही जा रहे थे। रास्ते मे घात लगाकर धारदार हथियार से प्रहार कर गला काट दिया गया। यह घटना रामा निषाद के घर से लगभग 800 मीटर की दूरी पर हुई है। एक बेटा अच्छेलाल बच गया क्योकि वह दूसरे रास्ते से कार्यक्रम में जा रहा था। एक और बेटा बाहर रहता है। गामा बंगला चौराहे पर मकान बनवाकर रहते थे। एसएसपी डॉ विपिन ताडा,एसपी सिटी कृष्ण कुमार विश्नोई,सीओ कैन्ट श्यामदेव बिंद मौके पर मौजूद हैं।डेडबॉडी थाने लायी गयी है। हत्या के कारणों व आरोपियों का पुलिस पता लगा रही है। मौके पर फोर्स तैनात है। क्राइम ब्रांच व फोरेंसिक भी मौके पर है।एक छोटी बेटी खेलने गयी थी वह बच गयी है।

# जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सोमवार को तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी के द्वारा विभिन्न पटलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। रिकार्ड रूम की स्थिति सही पाई गई। उन्होंने पाया कि 2009–2012 से दाखिल खारिज के मुकदमे पेंडिंग है, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की कोर्ट की स्थिति खराब है। बैनामे के आधार पर दाखिल खारिज अनावश्यक रूप से निरस्त किए गए हैं, निरस्त पर तत्काल रोक लगाई गई। सभी उपनिबंधक को निर्देशित किया कि बैनामे की कॉपी के साथ क्रेता का साढ़े 12 एकड़ से अधिक भूमि न होने का शपथ पत्र प्रेषित किया जाए। इस दौरान तहसील के 10 बड़े बकायेदारों की समीक्षा भी की गई और निर्देशित किया गया कि बड़े बकायेदारों की लिस्ट रिवाइज कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। रजिस्टर नंबर 4 में पुरानी धन राशियों का निस्तारण न करने के लिए नायब, नाजिर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। तहसीलदार और अपर तहसीलदार को निर्देशित किया गया कि जिन गांव में अधिक वाद लंबित है वहां गांव में जाकर के मौके पर न्यायालय लगाकर वादों का निस्तारण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध् उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## होटल धर्मशाला लाज गेस्ट हाउस मैरेज हाल लॉन एवं डी०जे० के मालिक प्रबन्धक की उपस्थिति में बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में 25 अप्रैल 2022 (सोमवार) को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तथा थानाध्यक्ष, लाइन बाजार एवं जनपद के समस्त होटल/धर्मशाला/लाज/गेस्ट हाउस/मैरेज हाल/लॉन एवं डी०जे० के मालिक/प्रबन्धक की उपस्थिति में बैठक आहूत की गयी। बैठक में समस्त होटल/धर्मशाला/लाज/गेस्ट हाउस/मैरेज हाल/लॉन एवं डी०जे० के मालिक/प्रबन्धक को दिशा–निर्देश दिया गया और पूछा गया कि क्या आपके प्रतिष्ठान का पंजीकरण हो गया है अथवा नहीं?, क्या अग्निशमन विभाग से एन०ओ०सी० प्राप्त की गयी है अथवा नहीं?, अग्निशमन यंत्र सम्बन्धित होटल/मैरिज हाल में उपलब्ध है अथवा नहीं?, कार्यालय विनियमित क्षेत्र से नक्शा स्वीकृत कराया गया है अथवा नहीं?, समस्त होटल/मैरिज हाल में सुरक्षा की दृष्टि से सी०सी०टी०वी० कैमरा उपलब्ध है अथवा नहीं?, क्या होटल/मैरिज हाल में आगन्तुकों के आगमन पर रजिस्टर/पंजिका में उनकी प्रविष्टि दर्ज की जाती है अथवा नहीं? के सम्बंध में उक्त वांछित सूचना 15 दिन के अन्दर जनपद के समस्त मालिक होटल/मैरिज हाल व लान से उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त मालिक/प्रबन्धकों होटल/मैरिज हाल/डी०जे० जिसमें विवाह आदि के कार्यक्रम सम्पन्न किये जा रहे हैं, उनको यह भी निर्देश दिया गया है कि रात्रि 10.00 बजे तक डी०जे० का उपयोग निर्धारित मानक के अनुसार ही किया जायेगा तथा रात्रि 10.00 बजे के बाद डी०जे० का उपयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जायेगा यदि किसी भी व्यक्ति से 10.00 बजे रात्रि के बाद भी डी०जे० बजाये जाने की सूचना प्राप्त होगी तो उक्त स्थिति में होटल/धर्मशाला/लाज/गेस्ट हाउस/मैरेज हाल/लॉन एवं डी०जे० के मालिक/प्रबन्धक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट सम्बन्धित थाने में दर्ज करायी जायेगी। मीटिंग में अनुपस्थित होटल/मैरिज हाल/लॉन के प्रबन्धको के यहाँ औचक निरीक्षण करके यदि उपरोक्त मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो उसपर कार्यवाही कर दी जायेगी। उक्त का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

# प्रधान कार्यालय पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी की बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार की बैठक प्रधान कार्यालय लखनऊ में संपन्न हुई।इस बैठक में प्रदेश सचिव अमित शुक्ला को पदोन्नत करके प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बनाया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू शिरोमणि देव प्रकाश शुक्ला व राष्ट्रीय युवा वाहिनी की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रोशनी शुक्ला की उपस्थिति गरिमामई रही। राष्ट्रीय सचिव मंजू त्रिवेदी ने प्रदेश अध्यक्ष अमित शुक्ला का मार्ग प्रदर्शन किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय वाहिनी के युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आशीष शुक्ला भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय युवा वाहिनी परिवार नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अमित शुक्ला के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।



# विवादित जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले पर न्याय की लगाई गुहार

अयोध्या (संवाददाता) अयोध्या बीकापुर क्षेत्र गुरुदेव नगर जो मिल्कीपुर रोड के किनारे जमीन का मामला है। रामगुलाम पुत्र केसरी प्रसाद ने आरोप लगाया कि जो जमीन विवादित थी उसका मुकदमा काफी वर्षो से चल रहा था जिसका निस्तारण कमिश्नरी विभाग प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी से निस्तारण हो चुका है और आरोप लगाते हुए बताया कि मगर उद्दीन पुर के ठाकुर जो पेशे से वकील हैं और भूतपूर्व लेखपाल उनके सगे संबंधी हैं जो मिलकर जमीन को अपने क्षेत्र में में मिला लिया है जिसको नक्शे में भी दर्शाया गया है वह सरासर गलत है। पुराने नक्शे के आधार पर विपक्ष का 5: कटौती और चकरोट निकालकर रकबा पूरा करने के बाद जो जमीन सड़क के किनारे होती है उसे न्याय पूर्वक दिलाई जाए।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 14 मई 2022 की तैयारियों हेतु जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

जौनपुर सू.वि. : आगामी 14 मई 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लम्बित सभी प्रकार के सुलह–समझौते योग्य प्रकरणों के निस्तारण माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर एम0 पी0 सिंह की अध्यक्षता में 25 अप्रैल 2022 को समस्त न्यायिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के माध्यम से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के बावत जिला जज ने न्यायिक अधिकारियों द्वारा किये गये प्रयासों एवं तैयारी का जायजा लिया गया। इस प्रकार लोक अदालत में अधिक मामलें निपटा लिये जायें इसके सम्बन्ध में वरिष्ठ न्यायिक अधिकारियों की समिति का भी गठन पूर्व में किया गया है जिनसे यह अपेक्षा की गई कि न्यायिक अधिकारी/मजिस्ट्रेट जिस किसी को भी सुलह–समझौते के आधार पर निस्तारित किये जा सकने वाले के निस्तारण एवं प्रभावी कार्यवाही किये जाने में कोई कठिनाई आ रही हो तो उसका निराकरण करावें, जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में लम्बित मामलों के निस्तारण की संख्या बढ़ाई जा सके।इस राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री–लिटिगेशन (वाद–पूर्व) स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जल बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), भरण–पोषण वाद तथा अन्य प्रकार के आपराधिक शमनीय व सिविल वाद तथा न्यायालयों में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, श्रम एवं सेवायोजन विवाद, विद्युत, जलकर बिल एवं अन्य प्रकार के बिलों के भुगतानों के विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित) पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा में वेतन, भत्तों एवं सेवानिवृत्ति परिलाभां से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित होने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। जिला जज द्वारा वादकारियों एवं अधिवक्ता गण से अपील की गयी कि अपने–अपने वादों से सम्बन्धित न्यायालयों में सम्पर्क स्थापित कर वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित करायें एवं अधिकतम वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें। बैठक में अपर जिला जज गण, सचिव, सिविल जज सी0डि0/जू0डि0 एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट गणउपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय बैंकिंग समन्वय समिति की बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति सह जिला समन्वय समिति की समीक्षा बैठक सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने बैंकरों को जिले के विकास योजनाओं के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश दिए। अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा के द्वारा बैंक के दिसंबर तिमाही यानी कि 31 दिसंबर 2021 तक की उपलब्धि पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी बैंक के द्वारा दिसंबर महीने तक प्राप्त की गई उपलब्धियों की बारी–बारी से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि दिसंबर तिमाही में जिले की साखजमा अनुपात में उपलब्धि 31.11: रही है।घ इस पर जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयकों को जिले में साख–जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए निर्देशित किया है और अगले वर्ष में बेहतर उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।जिले की उपलब्धि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना में गत वर्ष से अच्छी रही है साथ में पिछले वर्ष के तुलना में जिले की वार्षिक साख योजना में उपलब्धि भी अच्छी रही है पर जिन बैंकों द्वारा साख–जमा अनुपात 40: से कम हासिल हुई है, उनके ऊपर जिलाधिकारी ने काफी नाराजगी व्यक्त की साथ ही जिन बैंकों द्वारा वार्षिक साख योजना की उपलब्धि 25: से कम थी, उनके ऊपर भी जिलाधिकारी द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि अगले वर्ष में जिले में और सुधार करते हुए वार्षिक साख योजना, साख जमा अनुपात, सरकार प्रायोजित योजनाएं जैसे कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, स्टैंड अप इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना के साथ प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे सामाजिक सुरक्षा योजनाएं जिसके तहत पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, जन धन योजना एवं अटल पेंशन योजना में जिले की उपलब्धि अच्छी हो। इसके लिए जिलाधिकारी ने प्रथम तिमाही से ही लक्ष्य के अनुरूप काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर अच्छे तरीके से काम करें, जिससे जिले की उपलब्धि बढ़ सके। जिलाधिकारी द्वारा यूनियन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (त्म्ज्प्) द्वारा किए गए ट्रेनिंग प्रोग्राम की भी समीक्षा की गई। त्म्ज्प् द्वारा लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है।जिले में बेहतर तरीके से काम को करने के लिए सभी बैंक शाखाओं को केसीसी वितरण को और बढ़ने के साथ साथ प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं पशुपालन तथा मत्स्य संबंधी केसीसी लोन करने को निर्देशित किया गया साथ ही सभी जिला समन्वयकों को अपने शाखा की उपलब्धि को तिमाहीवार प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा करने और डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बैंकरों को साख–जमा अनुपात एव वार्षिक ऋण योजना में और तेजी लाने का निर्देश दिया ,साथ ही सभी बैंकों को वित्तीय वर्ष 2022–23 के वार्षिक ऋण योजना में लक्ष्य के अनुरुप प्रगति करने एवं ऋण जमा अनुपात को 40: तक लाने की कार्यनीति बनाने का निर्देश दिया। डीडीएम नाबार्ड आरिफा सुल्तान द्वारा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे कृषि आधारभूत फंड (।प्थ्) के तहत बैंकों को ऋण प्रदान करने की सलाह दी गई, ताकि जिले में कृषि क्षेत्र में पूंजी सृजन को बढ़ावा मिले। जिलाधिकारी ने मत्स्य विभाग, उद्योग विभाग एवं पशुपालन विभाग को उचित कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दिया एवं लंबित ऋण संबंधी आवेदनों को को जल्द से जल्द निपटारा करने का भी आदेश दिया। साथ ही अस्वीकृत मामलों में कारण सहित प्रतिवेदन जिलाधिकारी को देने का निर्देश दिया गया। इस कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा के अलावा डीडीएम नाबार्ड आरिफा सुलतान, एलडीओ, आरबीआई अनिल कुमार मिश्रा, डीसी एनआरएलएम ओ पी यादव, वित्तीयसाक्षरता परामर्शदाता कमलेश यादव, त्म्ज्प् प्रतिनिधि अभिषेक कुमार, सभी बैंकों के जिला समन्वयक सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी यथा जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला मत्स्य पालन पदाधिकारी, प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, आदि शामिल हुए। इसी मीटिंग में वार्षिक कार्य योजना पुस्तिका 2022–2023 का भी विमोचन जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी तथा उपस्थित व्यक्तियों द्वारा किया गया।

## कलेक्ट्रेट सभागार में अनुश्रवणार्थ प्रशासकीय व्यवस्था हेतु बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अस्थाई/स्थाई गो–आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन प्रबंधन के अनुश्रवणार्थ प्रशासकीय व्यवस्था हेतु बैठक संपन्न हुई। बैठक में निर्माणाधीन गोआश्रय स्थलों को तत्काल पूर्ण कराकर उनमें गोवंश संरक्षित किये जाने, जिन न्याय पंचायतों में गोआश्रय का निर्माण नही है, वहाँ एक सप्ताह के अन्दर गोशाला का निर्माण कराकर जिसमें शत–प्रतिशत निराश्रित गोवंश को संरक्षित करायें जाने, जनपद में निमार्णाधीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रो का निर्माण तत्काल कराकर क्रियाशील कराना, अस्थायी/स्थायी गो–आश्रय स्थलों पर विद्युत कनेक्शन तत्काल पूर्ण कर वस्तु स्थिति से अवगत कराने, सुपुर्दगी योजनान्तर्गत गोवंश को अधिक से अधिक संख्या में सुपुर्दगी किया जाना, प्रत्येक उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी/पशु चिकित्साधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी सप्ताह में गोवंश सुपुर्दगी करना तथा सुपुर्दगी कराया गये लाभार्थियों को धनराशि भी दिलाना सुनिश्चित करे। यदि कही भी गोवंश की भूख–प्यास/दुंघटना/चिकित्सा के अभाव में मृत्यु होती है, तो सम्बन्धित के विरूद्व कार्यवाही किये जाने, वृहद गोसंरक्षण केन्द्र को संचालन हेतु शासन के मंशानुसार एम०ओ०यू० (अनुबन्ध) पर चर्चा कराने, यदि किसी कृषक/पशुपालन द्वारा पशुओं को छोड़ा जाता है। तो इस सम्बन्ध में कार्यवाही किया जाना कृषक/पशुपालन को प्रेरित किया जाना, इस प्रकार का कार्य न करें। जिससे समाज को कठिनाइयों का सामना करना, जिन तहसील पर वृहद गोसंरक्षण केन्द्र का भूमि उपलब्ध नही कराया गया है, लक्ष्य के सापेक्ष सुपुर्दगी में दी गयी गोवंश पर चर्चा की गई। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 राजेश कुमार ने जिलाधिकारी को अवगत कराया है कि जनपद में 02 बृहद गोसंरक्षण केन्द्र पूर्ण है तथा 03 निर्माणधीन है, जिनमें ग्रामीण में शाहगंज के गैरवाह गांव में यूपीपीसीएल द्वारा निर्माण कराया जा रहा है, ब्लाक धर्मापुर के चोरसण्ड में आरईएस द्वारा निर्माण तथा बक्शा के मैनोद्दीनपुर में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कराया जा रहा है जिसपर जिलाधिकारी ने सभी जगहों पर कार्य तेज गति से पूर्ण कराने का निर्देश विभाग के अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने अभियान के दौरान कोई भी निराश्रत गौवंश संरक्षित न करने के लिए खण्ड विकास अधिकारी रामपुर एवं पशुचिकित्सा अधिकारी रामपुर को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी एवं पशुचिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर मनरेगा एवं ग्राम निधि से चारागाह विकास कर चारा फसलों को उगाया जाय एवं गोआश्रय स्थलो स्वालम्बी बनाया जाय। उन्होंने जनपद स्तरीय नोडल अधिकारियों/समस्त खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि 2–3 दिन में अपने–अपने क्षेत्र के गोआश्रय स्थल का भ्रमण करे और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं (चिकित्सा, पानी, छाया, चारा) आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव और पशुचिकित्सा अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि समन्वय स्थापित करते हुए सभी गोआश्रय स्थल पर बिजली की व्यवस्था करायी जाय। सभी नगर पालिका/पंचायत रात्रि में भ्रमणकर छूटा पशुओं को पकडकर गोआश्रय स्थल में भेजवाए। गोशाला की सूची थानो पर भेजवा दिया जाय, जिससे गोवंश की देख–रेख की जा सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तहसील स्तरीय, ब्लाक स्तरीय, विकास खण्ड स्तरीय बैठक सुनिश्चित करा ली जाय। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया है कि वर्तमान के गेहूं की कटाई का कार्य किया जा रहा है जो भी ग्रामवासी, कृषक एवं दानदाता भूसा दान देना चाहते है वे निकट की गोआश्रय स्थलों पर दे सकते है। इसके लिए जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी, पशुचिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो भी दानदाता है उनसे सम्पर्क कर दान स्वरुप प्राप्त भूसे की सूची भी उपलब्ध कराये। कोई भी जानकारी के लिए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रामदरश यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी संतोष कुमार सहित खण्ड विकास अधिकारी, पुशचिकित्सा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## योगी सरकार का एक महीना पूरा : चार हफ्ते में लिए चालीस फैसले

अयोध्या।(डा. आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)योगी आदित्यनाथ को उत्तर प्रदेश का सीएम बने आज एक महीना पूरा हो गया, इस एक महीने में योगी आदित्यनाथ ने जिस तरह से काम किया है उसने विरोधियों को चुप करा दिया है, पिछले तीस दिनों में योगी सरकार ने कई ऐसे फैसले लिए जो एक सीएम और नेता के तौर पर आदित्यनाथ की अलग पहचान बनाते हैं।योगी सरकार 2.0 की पहली कैबिनेट का पहला बड़ा फैसला रहा कि मुफ्त राशन योजना को तीन महीने बढ़ाया,15 करोड़ लोगों को राशन आगे भी मिलता रहेगा।वही उसके बाद योगी सरकार सभी तहसीलों में फायर टेंडर की सुविधा उपलब्धता कराने के लिए तेजी से कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 15 मिनट और शहरी क्षेत्र में अधिकतम 7 मिनट का रिस्पांस टाइम सुनिश्चित करने के निर्देश।उसके बाद दो वर्ष के अंदर 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश लक्ष्य के साथ फिर होगी ग्लोबल इन्वेस्टर समिट, 100 दिन में तीसरी ग्राउंड ब्रेंकिंग सेरेमनी, औद्योगिक निवेश की बढ़ावा देने के लिए बड़ी छलांग लगाने की तैयारी में यूपी सरकार। फैसल नंबर 4 – भ्रष्टाचार, लापरवाही और जनता से जुड़ी समस्याओं में अनदेखी करने के मामले में डीएम सोनभद्र और एसएसपी गाजियाबाद सस्पेंड। फैसला नंबर 5 – सीएम योगी के निर्देश पर पुलिस बल के लिए 86 राजपत्रित और 5295 अराजपत्रित नए पदों को शासन की मंजूरी मिली। फैसला नंबर 6 – पिछले 20 दिनों में 200 करोड़ से ज्यादा की अवैध संपत्ति ध्वस्त या जब्त की गई है। जिसमें 25 माफिया डीजीपी ऑफिस और 8 शासन की तरफ से चिन्हित किए गए थे।फैसला नंबर 7 – मुख्यमंत्री ने नवरात्र पर्व के पहले दिन से महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग को विशेष अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। एंटी रोमियो स्क्याड वापस शुरु किया गया। फैसला नंबर 8 – मुख्यमंत्री आवास पर जनता दर्शन की वापस शुरुआत की। हर दिन सरकार के एक मंत्री की मौजूदगी में जन समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। फैसला नंबर 9 – मिर्जापुर, वाराणसी और गोरखपुर में दौरा कर विभिन्न योजनाओं से जुड़ी समीक्षा बैठके की। फैसला नंबर 10 – योगी सरकार ने श्रावस्ती जनपद से स्कूल चलो अभियान की शुरुआत की, कम साक्षरता वाले जिलों पर विशेष फोकस किया। फैसला नंबर 11 – लापरवाही और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को आगे बढ़ाते हुए डीएम औरैया सुनील वर्मा को सस्पेंड किया गया। फैसला नंबर 12 – पेपर लीक होने के आरोप मैं बलिया के क्प्ै को सस्पेंड व अरेस्ट किया गया। फैसला नंबर 13 – पिछले 20 दिनों में 100 से ज्यादा अपराधियों और माफियाओं पर गरजा बुलडोजर। फैसला नंबर 14 – मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों को अपने–अपने विभागों की 100 दिन की कार्ययोजना तैयार कर काम करने के निर्देश दिए हैं।फैसला नंबर 15 – योगी सरकार ने युवाओं को हाथों में 9.74 लाख टैबलेट और स्मार्टफोन देने की कार्रवाई शुरु की। फैसला नंबर 16 – योगी सरकार ने दो अप्रैल को प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। फैसला नंबर 17 – अब यूपी में होमगार्ड के 20 प्रतिशत पदों पर होगी महिलाओं की भर्ती, 100 दिन में शुरु होगी प्रक्रिया। फैसला नंबर 18 – एक महीने में अगले 3 महीने, 6 महीने और 5 साल का खाका कराया तैयार।फैसला नंबर 19 – भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कई आईएएस अधिकारियों के तबादले तो कई अधिकारियों को वेटिंग लिस्ट में डाला। फैसला नंबर 20 – अपने क्षेत्र में नागरिकों की समस्या के तुरंत निस्तारण के लिए रात में अपनी तैनाती स्थल पर एसडीएम, सीओ और तहसीलदार को सीएम ने दिए निर्देश। फैसला नंबर 21 – यूपी में महिला होमगार्ड्स को एंटी टेररिस्ट मॉड्यूल का प्रशिक्षण देने के दिए निर्देश। फैसला नंबर 22 – सरकारी कर्मचारियों के लंच का समय का किया निर्धारित, दोपहर एक बजे से 1.30 बजे तक होगा लंच टाइम। फैसला नंबर 23 – पूर्वी पाकिस्तान से विस्थापित 63 हिंदू बंगाली परिवारों के पुर्नावास के लिए भूमि के पट्टे का स्वीकृति पत्र दिया गया। फैसला नंबर 24 – अगले 6 महीने में 2.51 लाख ने आवास बनाने का लक्ष्य लेकर तेजी से कार्य करने के निर्देश। फैसला नंबर 25 – भ्रष्टाचार, लापरवाही और जनता से जुड़ी समस्याओं में अनदेखी करने के मामले में असिस्टेंट कमिश्नर (प्रभारी) वाणिज्य कर सचल दल, इकाई बस्ती आशुतोष मिश्रा को सस्पेंड किया। फैसला नंबर 26 – बिना मानचित्र स्वीकृति के इमारत निर्मित किए जाने के मामले में अवर अभियंता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण शिव ओम को सस्पेंड किया। फैसला नंबर 27 – यूपी पुलिस आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण आयोग का कार्यकाल 30 जून 2022 तक बढ़ाए जाने की स्वीकृति प्रदान की। फैसला नंबर 28 – भ्रष्टाचार, लापरवाही और जनता से जुड़ी समस्याओं में अनदेखी करने के मामले में असिस्टेंट कमिश्नर (प्रभारी) वाणिज्य कर सचल दल, इकाई बाराबंकी को सस्पेंड किया। फैसला नंबर 29 – सीतापुर में आमजन की सुविधा के लिए नई पुलिस चौकी गनेशपुर स्थापित करने का फैसला किया। फैसला नंबर 30 – गुंडों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देते हुए राज्य में कानून व्यवस्था को प्राथमिकता बनाया गया है। फैसला नंबर 31 – योगी सरकार आयुषमान भारत योजना से महिला और पुरुष होमगार्ड जवानों का स्वास्थ्य बीमा कराएगी। फैसला नंबर 32 – सीएम योगी ने भ्रष्टाचार के आरोप में झांसी प्रखंड बेतवा नहर झांसी (संप्रित निलंबित) अधिशासी अभियंता को सेवा से हटाने का आदेश दिया। अधिकारी से 77 लाख 41 हजार की वसूली भी की जाएगी। फैसला नंबर 33 – उप निबंधक कार्यालय (मैथा) कानपुर देहात के लिए पद सृजन की स्वीकृति दी। फैसला नंबर 34 – अयोध्या में नियमित रामलीला का आयोजन किया जाएगा। हस्तिनापुर, मेरठ और गोरखपुर में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय की स्थापना की जाए। वाराणसी में संत रविदास संग्रहालय व सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना कराई जाए। फैसला नंबर 35 – सभी कैबिनेट मंत्री अब फील्ड में जाएंगे, कैबिनेट मंत्रियों की अध्यक्षता में 18 मंडलों के लिए कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है। यह टीमें हर मंडल में 72 घंटे का प्रवास करेंगी। फैसला नंबर 36 – यूपी में पुरोहित कल्याण बोर्ड का गठन करने को लेकर सीएम योगी ने दी मंजूरी। फैसला नंबर 37 – प्रदेश में आने वाले पांच सालों में मेडिकल प्रोफेशनल सीटें दोगुनी होंगी। जिसमें पांच सालों में एमबीबीएस की 7000, पीजी की 3000, नर्सिंग की 14,500 और पैरामेडिकल की 3,600 सीटों को बढ़ाया जाएगा। फैसला नंबर 38 – यूपी की 100 ग्राम पंचायतों में खिलाड़ियों को मिलेगी ओपन जिम की सौगात। फैसला नंबर 39 – यूपी में अब नए स्थानों पर माइक और लाउडस्पीकर लगाने की अनुमति नहीं। फैसला नंबर 40 – आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के 20,000 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया अगले छह माह में पूर्ण कराएं। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और स्वास्थ्य सखियों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिलाया जाए।

## परीक्षा केन्द्रों का कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा के पहले दिन सोमवार को द्वितीय पाली में कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें साकेत महाविद्यालय, परमहसं महाविद्यालय, नन्दिनी नगर महाविद्यालय, तुंगनाथ मौर्य महाविद्यालय, देवीदीन महाविद्यालय गोण्डा के परीक्षा केन्द्रों का कुलपति सहित विशेष सचल दल ने सघन निरीक्षण किया। कुलपति प्रो0 सिंह सहित परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, मुख्य नियंता प्रो0 अजय प्रताप सिंह, सहायक कुलसचिव मो0 सहील ने केन्द्रों के परीक्षा कक्ष में जाकर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कुलपति प्रो0 सिंह ने परीक्षा की पारदर्शिता बनाये रखने के लिए केन्द्राध्यक्षों को दिशा–निर्देश प्रदान किया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा सात जनपदों के 448 परीक्षा केन्द्रों में दो पालियों में प्रारम्भ हुई है। प्रथम पाली की सुबह 8 से 11 व द्वितीय पाली की परीक्षा 3 से 6 बजे तक सम्पन्न हुई। जिसमें बीए, बीएससी एवं बीकॉम द्वितीय, तृतीय वर्ष की परीक्षा प्रथम प्रश्न–पत्र में 61 हजार 975 परीक्षार्थी शामिल रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने परीक्षा की शुचिता को बनाये रखने के लिए सात जनपदों के परीक्षा केन्द्रों में सचल दल नियुक्त किए है। इनके द्वारा केन्द्रों निरीक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम को भी सक्रिय किया गया है। कंट्रोल रूम में लगाई टीम द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर लगाये सीसीटीवी कैमरे संचालन का बारीकी से निरीक्षण किया जा रहा है। परीक्षा नियंत्रक के हवाले से पहले दिन की परीक्षा पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुई।

## भीषण गर्मी एवं भरी दुपहरिया में घर आने को मजबूर स्कूली नौनिहाल

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)इन दिनों लू गर्मी का प्रकोप जनपद झेल रहा है वहीं इस भरी गर्मी के दिनों में छोटे–छोटे मासूम नौनिहाल विद्यालय से घर जाने को मजबूर होते हैं भरी दुपहरी में जब लोग घरों या कार्यालय में होते हैं तो छोटे–छोटे नौनिहाल स्कूल से घर जाने को मजबूर होते हैं मौजूदा समय में परिषदीय स्कूल के खुलने का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1:30 बजे तक का है हालांकि बच्चों की छुट्टी का समय दोपहर 12:30 बजे निर्धारित किया गया जबकि पूर्व के वर्षों में परिषदीय स्कूलों का समय सुबह 7:00 बजे से 11:00 बजे निर्धारित किया गया था और कई अन्य विद्यालयों में भी छुट्टी का समय बच्चों की सेहत पर भारी पड़ सकता है कुछ विद्यालयों में दोपहर 1:30 बजे और कुछ विद्यालयों में 2:00 बजे भी छुट्टी होती है सोमवार को भीषण गर्मी में बच्चे भरी धूप से बचने के लिए सिर पर बस्ता रख घर लौटते दिखाई दिए जबकि सोमवार को पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था गत 3 दिनों से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक चल रहा है लगातार लू की स्थिति भी बनी हुई है सोमवार को उत्तरी पश्चिम दिशा से चल रही हवा की गति भी 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर पहुंच गई जिसने लोगों का रूप धारण कर लिया इसलिए अभिभावक स्कूलों का समय परिवर्तित करने की मांग कर रहे हैं वही आठवीं तक के बच्चों की छुट्टी का समय 11साढे 11:00 तक निर्धारित किया जाए इससे बच्चों को ही ट्वीट से बचाया जा सकता है इस विषय पर बीएसए संतोष देव पांडे का कहना है कि शासन के निर्देश के क्रम में इस पर निर्णय लिया जाएगा नरेंद्र देव कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसमी विज्ञानी विभाग के अनुसार अभी गर्मी में कमी नहीं आएगी लोग भी चलेगी सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3 अधिक 42 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम आद्रता 62 व न्यूनतम 37: रही इसको देखते हुए शासन को चाहिए कि स्कूली समय में परिवर्तन करें।

## तिलमिलाया ड्रैगनः चीन का अमेरिका को जवाब :27 साल पहले गायब हुआ पंचेन लामा अब चीनी नागरिक

नई दिल्ली एजेंसी : चीन ने मंगलवार को कहा कि दलाई लामा द्वारा पंचेन लामा के रूप में अवतार लेने के बाद 27 साल पहले गायब होने वाला तिब्बती लड़का एक चीनी नागरिक के रूप में सामान्य जीवन जी रहा है। इसके साथ ही चीन ने देश को बदनाम करने के लिए राजनीतिक हेराफेरी के रूप में उसके ठिकाने के बारे में अमेरिका की चिंताओं को खारिज कर दिया। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने एक अमेरिकी बयान का जवाब देते हुए कहा कि हम तिब्बत से संबंधित मुद्दों का फायदा उठाकर धार्मिक स्वतंत्रता आड़ में इसे इस्तेमाल करने और चीन के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करने का कड़ा विरोध करते हैं। तिब्बती बालक गेधुन चोएक्यी न्यिमा1995 में लापता हो गया था। 1995 में दलाई लामा के बाद न्यिम बने थे 11वें पंचेन लामा 1995 में दलाई लामा के बाद तिब्बती बौद्ध धर्म में न्यिमा को 11वें पंचेन लामा के रूप में दूसरी सर्वोच्च आध्यात्मिक मान्यता दी गई थी। कुछ दिनों बाद न्यिमा गायब हो गया और उसके ठिकाने का पता नहीं चला। तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले चीन ने नामांकन को खारिज कर दिया और तिब्बत में दलाई लामा के आध्यात्मिक प्रभाव का मुकाबला करने के लिए एक छह वर्षीय लड़के बैनकेन एर्दिनी पंचेन लामा के रूप में नियुक्त किया। न्यिमा के 33वें जन्मदिन पर अमेरिका ने उठाए थे सवाल न्यिमा या उनके परिवार के बारे में बहुत कम जानकारी दी गई है क्योंकि वह 11वें पंचेन लामा के नाम से जाने के तुरंत



बाद छह साल की उम्र में लापता हो गए थे। न्यिमा के 33वें जन्मदिन पर मंगलवार को एक अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि 11वें पंचेन लामा के लापता होने के बाद से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) के अधिकारियों ने 17 मई, 1995 को छह साल के बच्चे के रूप में उनका अपहरण कर लिया था। अमेरिका ने कहा कि चीन तिब्बती समुदाय के सदस्यों को दलाई लामा द्वारा नामित पंचेन लामा तक पहुंच से वंचित करना जारी रखे हुए है, जो तिब्बती बौद्ध धर्म में दूसरा सबसे सम्मानित व्यक्ति है और इसके बजाय एक राज्य–चयनित व्यक्ति को बढ़ावा दे रहा है। हम चीन के अधिकारियों से अनुरोध करते हैं गेधुन चोएक्यी न्यिमा के ठिकाने और सकुशलता की जानकारी दी जाए और उसे अपने मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता का पूरी तरह से उपयोग करने की अनुमति दी जाए।

## यूपी कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले : एक मई से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर लगेगा टोल : अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय बढ़ा

लखनऊ ब्यूरो : यूपी कैबिनेट में मंगलवार को कुल 10 प्रस्ताव आए, जिसमें से नौ प्रस्ताव पास हुए। अभी तक चीन से एचपीसीएल आयात करते थे। यह एक प्रकार का एथनॉल है। अब 10 लाख लीटर खुद यूपी बनाएगा। यह लैब से जुड़े कार्य मे उपयोग होता है। विधानसभा सत्र में असरकारी प्रस्ताव पर समिति बनेगी। बेबीरानी, जयवीर और धर्मपाल सदस्य होंगे। सुरेश खन्ना अध्यक्ष होंगे। योगेंद्र उपाध्याय भी असरकारी समिति में शामिल हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लिए टोल प्लाजा, एम्बुलेंस आदि के लिए 222 करोड़ रुपये की निविदा हुई। छह एम्बुलेंस, 12 पेट्रोलिंग वाहन सहित अन्य सुविधाएं देंगे। पीजीआई के सामने तीमारदारों के लिये भवन बनेगा। 5393 वर्गमीटर जमीन दी गई है। सिंचाई विभाग की जमीन थी। 27505 अंशकालिक अनुदेशक का मानदेय 2000 रुपये बढ़ा। 7000 की जगह 9000 रुपये मिलेगा। 377520 रसोईये का अनुदान बढ़ाकर 1500 की



जगह 2000 रुपये किया गया है। साल में एक बार 500 रुपये साड़ी, या पैंट शर्ट के लिये दिए जाएंगे। एक मई से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टोल लगेगा।

## कोरोना की वापसीः चौथी लहर में इन 10 लाख लोगों से संक्रमण के फैलने का खतरा! आगरा में जारी हुआ अलर्ट

आगरा ब्यूरो : आगरा में कोरोना वायरस की चौथी लहर शुरू हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने 10 लाख लोगों से संक्रमण के फैलाव का खतरा बताया है। ये ऐसे लोग हैं जिन्होंने वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं लगवाई है। इन्हें लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है। इनके टीका नहीं लगवाने पर स्वास्थ्य विभाग ने चिंता जताते हुए लोगों से भीड़ में जाने से बचने, मास्क लगाने व उचित दूरी बनाए रखने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 18 साल से अधिक उम्र के 35 लाख लोग टीके की पहली डोज ले चुके हैं। दूसरी डोज 25 लाख लोगों ने लगवाई है। 10 लाख लोग ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक दूसरी डोज नहीं लगवाई है। उन्होंने कहा कि चौथी लहर में ऐसे लोग खुद संक्रमित हो सकते हैं और बाहर घूमने पर दूसरे लोगों को भी संक्रमित कर सकते हैं। सीएमओ ने कहा कि जिन लोगों ने कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज नहीं ली, उनके परिजन उन्हें जबरन टीका लगवाएं। जिले में जनवरी 2020 में टीकाकरण शुरू हुआ था। 16 महीने बाद भी 10 लाख की आबादी दूसरी खुराक से वंचित है। उन्होंने कहा कि बूस्टर डोज भी शुरू हो गई है। जिले में 300 स्थानों पर टीकाकरण किया जा रहा है। कोरोना से बचाव के लिए टीका ही दवाई है। टीका लगवाने वाले व्यक्ति पर संक्रमण घातक प्रभाव नहीं करता। बाजारों में लापरवाही एक तरफ संक्रमण बढ़ रहा है, दूसरी तरफ लापरवाही बढ़ गई है। प्रतिबंध खत्म होने के बाद लोगों ने मास्क लगाना बंद कर दिया है। इससे संक्रमण के फैलाव का खतरा अधिक है। सार्वजनिक स्थल, बाजारों में सैनिटाइजेशन नहीं होने से वायरस की आशंका है। जिलाधि



कारी प्रभु एन सिंह का कहना है कि कोविड प्रोटोकॉल में लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध जुर्माना व महामारी एक्ट में कार्रवाई की जाएगी। दो शिक्षक और मेडिकल छात्रा सहित आठ संक्रमित दो शिक्षक, एक मेडिकल छात्रा, व्यापारी और नौ साल की बच्ची समेत आठ नए संक्रमित सोमवार को मिले हैं। अब जिले में कोरोना सक्रिय मरीज 36 हो गए हैं। नए मरीजों में दो ऐसे हैं जो ट्रेस नहीं हो पाए। रैपिड रिस्पांस टीम को वे घर पर नहीं मिले। उनकी तलाश की जा रही है। रविवार को मिले 15 संक्रमितों के संपर्क में आए 52 लोगों के नमूने लिए गए हैं। जिला प्रशासन की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को पिछले 24 घंटे में 1985 लोगों की जांच की गई। इनमें आठ नए मरीज मिले हैं। कुल सक्रिय मरीज 36 हो गए हैं। छह मरीज ठीक भी हुए हैं। अब कुल मरीजों की संख्या 36,218 हो गई है। इनमें 465 मरीज दम तोड़ चुके हैं। 35,717 मरीज ठीक हो चुके हैं।

## युवक का थाना पूरा कलंदर मे शव मिलने से क्षेत्र मे मचा हड़कंप

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)जिले के रौनाही थाना क्षेत्र ग्राम सभा सोखावा के मजरे ललकी पांडेय का पुरवा निवासी 32वर्षीय सूरज पुत्र सुरेश चंद्र पांडेय का संदिग्ध परिस्थितियों मे थाना पूरा कलंदर मोवाइय्या मजरे बाबा का पुरवा निवासी श्रीनाथ के छप्पर मे शव मिलने से क्षेत्र मे हडकंप मच गया। घटना की सूचना पर पहुँची पूरा कलंदर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।परिजनो के अनुसार सूरज का विवाह तीन माह पहले हुआ था। रविवार की शाम को किसी काम से घर से बाहर गया था। सुबह शव मिलने की पुलिस द्वारा मौत की सूचना मिलने से परिवार सहित स्थानीय ग्रामीणो को स्तब्ध कर दिया हैं।इस बाबत मे हल्का दरोगा दिनेश तिवारी पूरा कलंदर ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पीएम रिपोर्ट मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## 45 वर्षीय युवक की गांव के निकट तालाब के बगल झाड़ियों में मिली लाश

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के हैदरगंज थाना अंतर्गत बैती कला निवासी 3 दिन से लापता था।सूत्र के मुताबिक उस 45 वर्षीय युवक की लाश गांव के निकट तालाब के बगल झाड़ियों में मिली।प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय कुमार सिंह पुत्र राम अवध सिंह आयु 45 वर्ष निवासी बैती कला थाना खंडासा जनपद अयोध्या 3 दिन से घर से लापता था आज प्रातः गांव के किसी व्यक्ति द्वारा प्रातः लगभग 6:15 बजे हैदरगंज थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा को दूरभाष से सूचना दी गई बैती कला तालाब के निकट झाड़ियों में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है।इस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचकर लाश की पहचान कराने हेतु ग्राम वासियों से संपर्क करने पर लास की पहचान विजय कुमार सिंह के रूप में हुई।वही इस घटना की सूचना पर एसपी ग्रामीण क्षेत्राधिकारी बीकापुर भी घटनास्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया।पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि परिजनों द्वारा अभी तहरीर नहीं दी गई है तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कारवाही की जाएगी।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर चाचा भतीजी हुए घायल

अयोध्या।(डा. अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के तारुन थाना अंतर्गत ककराही मोड़ के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी।जिसे चाचा भतीजी घायल हो गये।प्राप्त जानकारी के अनुसार हरीश चंद्र पुत्र बंशीलाल आयु लगभग 30 वर्ष ग्राम हरिपुर परसावां थाना तारुन जनपद अयोध्या अपनी भतीजी मधु को बाइक पर बैठा कर बीएससी सेकंड वर्ष की परीक्षा दिलवाने जा रहे थे।तभी तेज रफ्तार ट्रक ने ककराहा के निकट बाइक में टक्कर मारकर घायल कर दिया।स्थानीय लोगों द्वारा घायलो को सीएससी तरुण ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर ने हरिश्चंद्र को भर्ती कर उपचार शुरू किया वही मामूली चोट खाई मधु का प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है घटना की सूचना इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे फार्मेसिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव द्वारा कोतवाली नगर मेमो बनाकर भेज दिया गया।

## प्रेस क्लब घोटाले में आया नया मोड : कमिश्नर ने लिया संज्ञान होगी कठोर कार्यवाही

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रेस क्लब करियप्पा मार्ग सिविल लाइन अयोध्या के चर्चित घोटालेबाज सचिव त्रियुग नरायण तिवारी के खिलाफ प्रेस क्लब में कामर्शियल बुकिंग के करोड़ों रुपये घोटाले के मामले में एफआईआर हो सकती है। उत्तर प्रदेश शासन के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप श्रीवास्तव ने आज अयोध्या मण्डल के मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा को दिए गए तहरीर पर मंडलायुक्त ने प्रेस क्लब में हुए घोटाले पर कठोर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।आप को बताते चलें कि प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के द्वारा प्रेस क्लब करियप्पा मार्ग सिविल लाइन के सचिव त्रियुग नरायण तिवारी के खिलाफ करोड़ो रूपये घोटाले सरकारी राजस्व गबन की ऑनलाइन शिकायत प्रदेश शासन से की थी। आइजीआरएस सन्दर्भ संख्या60000220044012 पर अपर पुलिस अधीक्षकध् क्षेत्राधिकारी नगर अयोध्या पलाश बंसल की जांच आख्या में कहा गया है कि जिलाधिकारी के द्वारा जांच कमेटी बनाई गई थी और 14 जून 2021 को ही कमेटी की रिपोर्ट प्रेषित है इस लिए जिलाधिकारी के आदेश पर ही आगे की कार्यवाही होगी जिस पर मण्डलायुक्त ने जिलाधिकारी से कठोर कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है जिससे आने वाले दिनों में त्रियुग नरायण तिवारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

## स्कूलों के आसपास गुटखा तंबाकू सिगरेट को लेकर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

अयोध्या।(डा. आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता)प्रदेश की योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में सभी शिक्षण संस्थानों व विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में तंबाकू से निर्मित पान गुटखा,बीड़ी सिगरेट आदि मादक पदार्थों के बिक्री पर प्रतिबंध लगा हुआ है इसी कड़ी में शैलेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या के निर्देशानुसार एवम नोडल अधिकारी ए एच टी के नेतृत्व में इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार सोनकर, एस आई श्रीमती साधना सिंह कोतवाली नगर पुलिस टीम ने शहर के दर्जनों शिक्षण संस्थानों व विद्यालय के 100मीटर के अंदर मादक पदार्थों की बिक्री को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई विद्यालय की 100 मीटर परिधि के अंदर यदि कोई दुकानदार तंबाकू से संबंधित किसी प्रकार का बिक्री करता पकड़ा गया तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर नगर कोतवाली पुलिस टीम मौजूद रही।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मैं0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।